संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 296 शनिवार 30 अगस्त 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## पीएम को जितनी गाली दोगे उतना कमल खिलेगा:शाह

### कहा...राहुल में थोड़ी भी शर्म है तो मोदीजी और उनकी मां से माफी मांगें



**गुवाहाटी,29 अगस्त 2025 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी और उनकी मां को गाली देने के मामले में असम में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को गुवाहाटी में कहा- बिहार में कांग्रेस ने पीएम मोदी की मां को अपशब्द कहे। इनके दूषित प्रयास को देखकर मुझे मालूम है, इन्हें जनता का समर्थन नहीं है। शाह ने कहा...मोदीजी की माताजी का जीवन गरीब घर में अपनी सभी संतानों को संस्कारी करके बड़ा करने में बीता। उनका बेटा पूरे विश्व में ख्याति पा रहा है। राहुल गांधी को थोड़ी भी शर्म है तो मोदी जी और उनकी दिवंगत मां के लिए कहे गए अपशब्दों पर माफी मांगें। अमित शाह असम के दो दिवसीय दौरे पर हैं,वे राजभवन के नवनिर्मित ब्रह्मपुत्र विंग समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने पहुंचे थे। शाह ने कहा- भारत की राजनीति में, कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से घृणा और तिरस्कार की नकारात्मक राजनीति की शुरुआत की है उसका निम्न स्तर का एक प्रदर्शन उनकी घुसपैठिया बचाओ यात्रा में देखने को मिला। यात्रा में राहुल गांधी के स्वागत के मंच से नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माताजी के लिए अपशब्द बोलकर सबसे घृणित काम किया है। मैं आज इस मंच से राहुलजी ने जिस प्रकार से घृणा की राजनीति शुरू की है उसकी और पीएम मोदी की स्व. माताजी के लिए जो अपशब्द कहे गए, उसकी हृदय से निंदा करता हूं। मैं देश को कहना चाहता हूं कि वो हमारे सार्वजनिक जीवन को ऊंचाई नहीं देगी, गर्त में ले जाएगी। ये आज से नहीं मोदीजी जब से पीएम बने तब से सोनिया जी,राहुल जी, मणिशंकर अय्यर,जयराम रमेश, दिग्विजिय सिंह,रेणुका चौधरी हर कांग्रेस नेता ने मोदी जी के लिए अपशब्द कहे। कोई मौत का सौदागर कहता है, कोई जहरीला सांप कहता है, कोई नीच आदमी कहते है,कोई रावण कहता है, कोई भस्मासुर बताता है, कोई वायरस बताता है।

#### कांग्रेस ने सबसे घृणित काम किया है : शाह

इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री का बयान आया है। उन्होंने कहा...राहुल गांधी की यात्रा में पीएम मोदी की माताजी के लिए अपशब्द बोलकर कांग्रेस ने सबसे घृणित काम किया है। जिस प्रकार की राजनीति राहुल गांधी ने शुरू की है, वो हमारे सार्वजनिक जीवन को ऊंचाई नहीं देगी। ये आज से नहीं है, नरेंद्र मोदी जब से पीएम बने तब से सोनिया-राहुल गांधी, मणिशंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री को गालियां दी हैं।

#### शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए : महुआ



पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी X पर शेयर किया। वहीं दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा- जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

#### ये घटना अत्यंत अशोभनीय है, मैं इसकी निंदा करता हूं : नीतीश कुमार



पीएम को गाली देने के मामले में दरभंगा पुलिस ने गुरुवार देर रात रिजवी उर्फ राजा नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भपुरा गांव का रहने वाला है। मो. रिजवी पिकअप ड्राइवर है। उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

#### अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों पर हो कार्रवाई : सचिन पायलट

गोपालगंज में कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देने वाले वायरल वीडियो की निंदा की है। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी में अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों की जगह नहीं है। दोषी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## राहुल की यात्रा में पीएम को गाली,बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े

### पटना में चले लाठी-डंडे,मुजफ्फरपुर-आरा में भी झड़प,गाली देने वाला आरोपी गिरफ्तार



राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी को गाली देने के मामले में शुक्रवार को पटना में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़ गए। बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। वो राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। थोड़ी देर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पार्टी के लोग आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। कई गाड़ियों में भी तोड़फ़ोड़ की गई है। बवाल के बाद पुलिस ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को वहां से खदेड़ा। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। 30 मिनट चले प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सभी कांग्रेसियों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया। इस मामले में मुजफ्फरपुर में जिला कांग्रेस कार्यालय (तिलक मैदान रोड) का घेराव किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरा में भी बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। इसी दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। जिसके बाद बात बढ़ गई। कांग्रेसियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया और नारेबाजी भी की। ऋछ्ककनेता रूप नारायण मेहता ने पाटलिपुत्र थाने में लिखित शिकायत दी है। ख्रद्धक्रके लिए आवेदन दिया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर लाठी-डंडा, ईंट पत्थर से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया।

#### सच के आगे हिंसा नहीं टिक सकती : राहुल गांधी



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा...सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है-हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। इस मामले में बीजेपी ने पटना के गांधी मैदान थाने में ख्रद्धक्रके लिए आवेदन दिया है। भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल और कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण सिंह ने राहुल गांधी के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। हालांकि केस दर्ज नहीं हुआ है।

## गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद



**अहमदाबाद,29 अगस्त 2025 (ए)।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया,अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साजिश साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपए कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाडिया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था। सीआईडी की जांच में भी यह बात सही साबित हुई थी कि किरीट पलाडिया ने ही यह पूरी साजिश रची थी। गुजरात सरकार ने इस हाईप्रोफाइल मामले की जांच अहमदबाद सीआईडी को सौंपी थी। साल 2028 में ही इस मामले में एसपी समेत कई पुलिसवाले भी गिरफ्तार हुए थे। शैलेष पलाडिया व पुलिस वालों की गिरफ्तारी के बाद साजिश में भाजपा विधायक नलिन कोटडिया का भी शामिल होना पाया गया था। शैलेष पलाडिया व पुलिस वालों की गिरफ्तारी के बाद साजिश में भाजपा विधायक नलिन कोटडिया का भी शामिल होना पाया गया था।

## रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली,29 अगस्त 2025 (ए)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। अब वे आईएमएफ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्मिक मंत्रालय की ओर से 28 अगस्त को जारी एक सरकारी अधिसूचना के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल को आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद पर नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। उर्जित पटेल के वी. सुब्रमण्यम का स्थान लेंगे, जिनकी सेवाएं सरकार ने उनके तीन साल के कार्यकाल से छह महीने पहले 30 अप्रैल, 2025 को समाप्त कर दी थीं। पटेल ने सितंबर, 2016 में रघुराम राजन के बाद 24वें गवर्नर के तौर पर 4 सितंबर, 2016 को रिजर्व बैंक की कमान संभाली थी। हालांकि, दिसंबर 2018 में उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था।

## उत्तराखंड में बादल फटने और भूस्खलन के कारण पांच लोगों की मौत,11 लापता



**नई दिल्ली,29 अगस्त 2025 (ए)।** उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में शुक्रवार तड़के मूसलाधार बारिश से बादल फटने, बाढ़ आने और भूस्खलन की घटनाओं से मची तबाही में एक दंपति समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लापता हो गए जबकि कई अन्य लोगों के लापता होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चमोली,रुद्रप्रयाग,टिहरी और बागेश्वर जिलों में प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक कहर बरपा, जहां कई मकान और मवेशी मलबे में दब गए,कृषि भूमि बर्बाद हो गई, अनेक वाहन बह गए और संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, बागेश्वर जिले के कपकोट के पौसारी गांव में तड़के तीन बजे अतिवृष्टि के कारण पहाड़ी से मलबा आने से पांच-छह मकान क्षतिग्रस्त हो गए जिसके कारण दो महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य व्यक्ति लापता हो गए। हलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य व्यक्ति लापता हो गए।

## जनता का समर्थन खो चुके दल अब अभद्र भाषा का ले रहे सहारा : योगी आदित्यनाथ

**नई दिल्ली,29 अगस्त 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिहार में कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ की गई गालियों के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की। उन्होंने विपक्ष पर जनता का समर्थन खोने के बाद अपमानजनक राजनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया। यह आलोचना उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई जिसमें गुरुवार को बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में एक रैली में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। योगी ने कहा कि चाहे कांग्रेस हो, समाजवादी पार्टी हो या बहुजन समाज पार्टी, ये वही लोग हैं जो सत्ता में आने के बाद गुंडागर्दी में लिप्त हो गए। सत्ता में आने पर उन्होंने अपने परिवारों के माध्यम से लूटपाट करके अराजकता फैलाई।

## जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

### भारत-जापान मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे, मोदी की मौजूदगी में समझौता



**नई दिल्ली,29 अगस्त 2025 (ए)।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15 वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू भी एक्सचेंज किए गए। भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे। इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने की बात कही है। उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल-मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझेदारी को दुनिया की शांति के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा- दोस्तों, हमने मिलकर अगले 10 सालों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। साथ ही मोदी ने अगल भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। इसके अलावा मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख को साफ करते हुए इसे मानवता के आधार पर देखने की बात कही।

**भारत-जापान के बीच 150 एमओयू की घोषणा हुई :** भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि कल बिजनेस फोरम में प्राइवेट सेक्टर्स ने 150 समझौता ज्ञापनों की घोषणा की है। इन समझौतों की कुल कीमत 13 बिलियन डॉलर (1 लाख करोड़ रुपए) से अधिक है। मिस्री ने कहा- ये भारत-जापान के संबंधों में भरोसे को दिखाता है।

#### हमारी साझेदारी दुनिया की शांति के लिए महत्वपूर्ण : मोदी

पीएम मोदी ने जापानी पीएम इशिबा को स्वागत के लिए आभार दिया। उन्होंने कहा- हम एकमत है कि हमारी साझेदारी दुनिया की शांति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा- दोस्तों, हमने अपने खास स्ट्रैटजी से ग्लोबल साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्क शामिल हैं।

## भारतीय इकोनॉमी 7.8% से बढ़ी

### यह पिछली 5 तिमाही में सबसे ज्यादा,सर्विस-एग्रीकल्चर सेक्टर के बेहतर प्रदर्शन से मिली ग्रोथ




**नई दिल्ली,29 अगस्त 2025 (ए)।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें विकास दर में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 30 जून, 2025 को समाप्त पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह संख्या सभी जीडीपी आकलन से आगे निकल गई है क्योंकि अधिकांश विश्लेषकों ने पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.5 से 7 प्रतिशत के आसपास आंकी थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी पिछली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए 6.5 प्रतिशत के पूर्वानुमान लगाया था। मंत्रालय के मुताबिक, इस तिमाही में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में सकल मूल्य वर्धित वृद्धि दर 3.7 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी।

## हिमाचल में भारी बारिश का कहर : मणिमहेश यात्रा में हजारों फंसे,चंबा में 11 की मौत



**नई दिल्ली,29 अगस्त 2025 (ए)।** हिमाचल प्रदेश में चम्बा सहित भरमौर में भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई है। भरमौर शेष दुनिया से पूरी तरह से कट चुका है। कई मीटर सड़कें जगह-जगह से टूट गई हैं। दूरसंचार सेवाएं भी कई हिस्सों में बहाल नहीं हो पा रही हैं। मणिमहेश में हजारों यात्री फंसे हुए हैं। पिछले चार-पांच दिनों से भूस्खलन और लगातार मूसलाधार बारिश होने के कारण जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर पैदल ही निकल पड़े हैं। जिला चंबा के भरमौर में प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा चली हुई है। पिछले चार दिनों से मोबाइल नेटवर्क बंद था, जिससे यात्रा में गए यात्रियों का संपर्क उनके परिवार के लोगों के साथ नहीं हो रहा था और वे चिंतित थे। भरमौर में भी मणिमहेश यात्रा में गए लोग भूस्खलन और मार्ग बाधित होने के कारण जगह-जगह फंस गए हैं। चंबा में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। यात्रा पर रोक लगा दी गई है। मणिमहेश से 3,000 लोग वापस लौट आए हैं, जबकि 7,000 तीर्थ यात्री अभी भी फंसे हुए हैं। श्रद्धालुओं की जानकारी के लिए प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। यह यात्रा हर साल जन्माष्टमी से राधाष्टमी तक आयोजित की जाती है। इस साल, जन्माष्टमी 16 अगस्त को है और राधाष्टमी 31 अगस्त को होगी। बता दें, हिमाचल प्रदेश में हुई भारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। राज्यभर में दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 795 सड़कें बंद हो चुकी हैं और पांच जिलों में सभी शैक्षणिक संस्थान बंद करने का आदेश दिया गया है। लगातार बारिश के कारण ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। ढ्ढरूष्ठ ने चंबा, कांगड़ा और मंडी के लिए दो दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

संपादकीय

# भारत रूस और चीन से बढ़ा रहा संबंध

चूंकि भारत का घरेलू उपभोक्ता बाजार कमजोर है और अन्य देशों में तुरंत बाजार हासिल करना आसान नहीं है, तो कंपनियां उन देशों में जाने पर विचार कर रही हैं, जिन पर लगा टैरिफ भारत से कम है।डॉनल्ड ट्रंप के प्रमुख टैरिफ संबंधी सलाहकार पीटर नवारो ने भारत के खिलाफ जो सख्त बातें कहीं हैं, उनका संकेत है कि निकट भविष्य में अमेरिका से भारत के रिश्ते बेहतर होने की गुंजाइश नहीं है। यानी ट्रंप प्रशासन के टैरिफ की मार भारत को लंबे समय तक झेलनी पड़ सकती है। नवारो ने कहा कि भारत अगर चाहता है कि अमेरिका उससे रणनीतिक सहभागी जैसा व्यवहार करे,-तो उसे अपना व्यवहार सुधारना होगा। उसे रूस से तेल खरीदने का अवसरवाद छोडना होगा। नवारो ने नाराजगी जताई कि ऐसा करने के बजाय अब भारत रूस और चीन से अपने संबंध और बढ़ा रहा है। मतलब साफ है। अमेरिका की सख्ती जारी रहने वाली है।यही वजह है कि कारोबार जगत में इंडिया+1 का जुमला चल निकला है। इसके पहले चीन+1 की बात चर्चित हुई थी, जब अमेरिकी सरकार ने चीन के खिलाफ व्यापार कार्रवाई शुरू की। तब अमेरिकी कंपनियों ने चीन से किसी अन्य देश में अपने कारखाने ले जाने शुरू किए। उसका कुछ लाभ भारत ने भी उठाया। मगर अब भारत निशाने पर है। तो खबरों के मुताबिक कई कंपनियां अपने कारखाने भारत से बांग्लादेश, कंबोडिया या वियतनाम ले जाने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि भारत में कारखाना उत्पादन का मुख्य लक्ष्य अमेरिकी बाजार रहे हैं। पिछले साल भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी हिस्सा अमेरिका गया था।अब ये बाजार भारतीय उत्पादों के लिए प्रतिकूल होता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि चूंकि भारत का घरेलू उपभोक्ता बाजार कमजोर है और अन्य देशों में तुरंत बाजार हासिल करना आसान नहीं है, तो कंपनियां उन देशों में जाने पर विचार कर रही हैं, जिन पर लगा टैरिफ भारत से कम है। इसका असर अभी से भारत के प्रमुख उत्पादन केंद्रों में महसूस किया जाने लगा है। आम राय है कि आने वाले महीने और भी ज्यादा चुनौती भरे होंगे। भारत के लिए यह बुरी खबर है। मगर चीन+1 की जिस पृष्ठभूमि पर भारत के आगे बढने की आस जोड़ी गई थी, उसमें यह जोखिम पहले से मौजूद था। उसे नजरअंदाज करना अब भारी पड़ रहा है।

# भारत-जापान दोस्ती से नये वैश्विक संतुलन की कोशिश



ललित गर्ग
पटपड़गंज,दिल्ली-92

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा केवल एक राजनयिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी की नई एशियाई शक्ति संरचना का संकेत है। यह यात्रा भारत और जापान के बीच 'दोस्ती के नए दौर' का आगाज है,जो वैश्विक व्यापार, सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन पर गहरा असर डालेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत-जापान ज्वाइंट इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए जापान की टेक्नोलॉजी और भारत के टैलेंट से दोनों देशों के साथ दुनिया की तस्वीर बदलने की बात कही। भारत की विकास यात्रा में जापान की अहम भूमिका रही है। मेट्रो से मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर से स्टार्टअप तक अनेक विकास,तकनीकी एवं औद्योगिक क्षेत्रों में हमारी साझेदीरी आपसी विश्वास का प्रतीक बना है। भारत विश्व की सबसे तेज विकसित होती अर्थ-व्यवस्था है। बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, जिसमें दोनों देशों की निकटता से नये आयाम उद्घाटित होंगे।

आज वैश्विक परिदृश्य में सबसे बड़ी चुनौती अमेरिका और चीन, अमेरिका एवं भारत के बीच चल रही 'टैरिफ वार' है। अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी शुल्क ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा बदल दी है। इस टकराव का असर केवल अमेरिका-चीन पर नहीं पड़ा,बल्कि भारत जैसे उभरते बाजारों और विकसित होते देशों पर भी गहरा संकट आया है। भारत के निर्यात को नुकसान पहुँचा है, कच्चे माल की कीमतों में अस्थिरता आई है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। ऐसे समय में भारत-जापान का एक-दूसरे के और नजदीक आना एक 'रणनीतिक अवसर' है। जापान तकनीक, पूँजी और नवाचार में अग्रणी है, वहीं भारत के पास विशाल मानव संसाधन, बड़ा बाजार और विकास की अपार संभावनाएं हैं। मोदी की यह यात्रा इन दोनों शक्तियों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है, ताकि अमेरिका की टैरिफ वार से बने शून्य की भरपाई की जा सके।

निश्चित ही अमेरिका का भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाना भारत के सामने एक बड़ी चुनौती है और इस चुनौती का सामना करने में भारत सक्षम भी है। इन्हीं जटिल स्थितियों के बीच भारत अपने उत्पादों के लिए नए बाजार की तलाश में है। प्रधानमंत्री मोदी जापान के बाद चीन जाएंगे और वहां एससीओ समिट में भी हिस्सा लेंगे। चीन में प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन से भी हो सकती है। मोदी की यह जापान यात्रा केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। चीन के विस्तारवाद, अमेरिका की अनिश्चित नीतियों और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे हालात में भारत और जापान का साथ आना 'संतुलनकारी शक्ति' की तरह काम करेगा। दोनों देशों ने 'इंडो-पैसिफिक रणनीति' को मजबूती देने पर जोर दिया है, जिसका उद्देश्य एशिया में शांति, स्थिरता और मुक्त व्यापार सुनिश्चित करना है।



जापान भारत का पूराना मित्र राष्ट्र है। भारत और जापान के रिश्तों की नींव कोई आज की नहीं है। आठवीं शताब्दी में बोधिसेना नामक भारतीय साधु ने नारा के तोदाईजी मंदिर में भगवान बुद्ध की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की थी। यह पहला ऐतिहासिक संपर्क माना जाता है। आगे चलकर स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और जस्टिस राधा बिनोद पाल जैसी हस्तियों ने दोनों देशों के रिश्तों को गहरा किया। आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी सुभाषचन्द्र बोस और आजाद हिन्द फौज को जापान से मिला समर्थन एवं सहयोग इस बात का प्रमाण है कि दोनों देशों के रिश्ते सन् 1947 से पहले से ही प्रगाढ़ एवं मित्रतापूर्ण थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत ने जापान के साथ अलग शांति संधि की, जिससे दोनों देशों के बीच आधिकारिक रिश्तों की शुरुआत हुई। आज भारत-जापान साझेदारी में रक्षा, विज्ञान, शिक्षा, संस्कृति और रणनीतिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र शामिल हैं। मित्रता एवं सहयोग की यह विरासत आज भी जारी है,यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी की यह जापान की 8 वीं यात्रा है। उन्होंने जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए धन्यवाद भी दिया।

मोदी की यह जापान यात्रा निश्चित तौर पर दूरगामी उद्देश्यों से जुड़ी है। दोनों देशों के साझेदारी से नयी दिशाएं उद्घाटित होंगी, हालांकि इस साझेदारी की राह आसान नहीं है। भारत को अपनी नौकरशाही जटिलताओं, बुनियादी ढाँचे की कमी और नीतिगत अस्थिरताओं को दूर करना होगा,ताकि जापानी निवेशकों का विश्वास बढ़ सके। वहीं जापान को भी यह समझना होगा कि भारत का बाजार केवल उपभोक्ताओं का नहीं बल्कि एक साझेदारी की संभावनाओं का बाजार है। अमेरिका की टैरिफ वार ने वैश्विक व्यापार को असंतुलित किया है, लेकिन भारत-जापान की साझेदारी इसे संतुलन की दिशा दे सकती है। यदि यह रिश्ता आगे बढ़ता है, तो भारत केवल जापान का साझेदार ही नहीं रहेगा, बल्कि पूरे एशिया में 'नई शक्ति धुरी' का केंद्र बन सकता है। भारत-जापान की निकटता एवं आपसी समझौते अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है, व्यापारिक दृष्टिकोण से भरपूर संभावनाएं हैं। इससे सप्लाई चेन का नया केंद्र विकसित होगा। वैसे भी जापान, चीन पर निर्भरता घटाना चाहता है। भारत इसके लिए सबसे स्वाभाविक विकल्प है। यदि जापानी उद्योग भारत में बड़े पैमाने पर निवेश करते हैं तो 'मेक इन इंडिया' को नई ऊर्जा मिलेगी।हाई-टेक सहयोग से सेमीकंडक्टर,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-जापान साझेदारी एशिया की नई तकनीकी धुरी बना सकती है। यह व्यापारिक संतुलन का भी आधार है। अमेरिका और यूरोप के बाजार अस्थिर हैं। भारत-जापान मिलकर 'एशिया-प्रशांत' को स्थिर और सशक्त व्यापारिक क्षेत्र बना सकते हैं। दोनों देश बुनियादी ढाँचा निर्माण करते हुए एक दूसरे के विकास में सहायक होंगे। जापान का विशेष अनुभव और वित्तीय सहयोग भारत की मेट्रो रेल, हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन और बंदरगाह परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को गति देगा, बल्कि दोनों देशों को दीर्घकालिक साझेदार बनाएगा। निश्चित दौर पर मोदी की जापान यात्रा केवल दोस्ती का नया अध्याय नहीं है, बल्कि अमेरिका-चीन टकराव से उपजे शून्य को भरने की कोशिश है। यह भारत को एक 'पैसिव खिलाड़ी' से 'ग्लोबल लीडर' की भूमिका में लाने का अवसर है।

भारत-जापान की दोस्ती का नया दौर बदलती वैश्विक परिस्थितियों और शक्ति-संतुलन का निर्णायक पहलू है। आज की दुनिया बहुध्रूवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। अमेरिका और चीन की टकराहट ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र को विश्व राजनीति का केंद्र बना दिया है। चीन की आक्रामक नीतियां, उसके विस्तारवादी रुख और आर्थिक दबदबे की कोशिशों ने भारत और जापान को स्वाभाविक रूप से निकट लाया है। भारत-जापान की साझेदारी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अन्य लोकतांत्रिक देशों के साथ मिलकर 'क्वाड' को मजबूत करती है। यह केवल सुरक्षा गठबंधन नहीं बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्र नौवहन, आतंकवाद से मुकाबला, और आपसी व्यापार-विकास का साझा दृष्टिकोण है। इससे चीन की एकध्रूवीय शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा पर अंकुश लगता है। अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और टैरिफ बाधाओं ने भारत-जापान को विकल्प खोजने पर मजबूर किया है। दोनों देश मिलकर 'चीन-प्लस-वन' रणनीति को आगे बढ़ा सकते हैं, यानी चीन पर निर्भरता कम करके एशिया और अफ्रीका के नए बाजारों में निवेश और उत्पादन केंद्र बना सकते हैं। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संतुलित होगी। जापान भारत में बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# राष्ट्र,समाज और संघः शताब्दी की नयी दृष्टि



डॉ सत्यवानर सौरभ
भिवानी,हरियाणा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उदय भारत की आत्मा और उसकी सभ्यता को केंद्र में रखकर हुआ है। संघ का कार्य केवल संगठन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के उस लक्ष्य की ओर अग्रसर है जहाँ राष्ट्र विश्वगुरु के रूप में पुनः स्थापित हो सके। संघ की प्रार्थना का अंतिम उद्घोष भारत माता की जय इस यात्रा का प्रेरणास्रोत है। यही कारण है कि संघ की कार्यप्रणाली धीमी, दीर्घकालिक और सतत है। संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह स्पष्ट किया कि संगठन का अर्थ किसी के विरोध में खड़ा होना नहीं है। संघ का मर्म 'वसुधैव कुटुंबकम्' है– पूरा विश्व एक परिवार है। इस दृष्टि से संघ ने स्वयंसेवकों के माध्यम से समाज और राष्ट्र की एकता के लिए कार्य किया है। स्वयंसेवक स्वयं तैयार होते हैं और दूसरों को तैयार करते हैं। संगठन की यह प्रक्रिया आत्मनिर्भर है, जिसमें 'गुरु दक्षिणा' जैसे उपक्रम केवल प्रतिबद्धता और आस्था का प्रतीक हैं। भारत की राष्ट्र-परिभाषा पश्चिमी अवधारणा से भिन्न है। यहाँ राष्ट्र सत्ता पर आधारित नहीं, बल्कि संस्कृति और आत्मा पर आधारित है। अंग्रेजों की गुलामी के दौरान भी भारत राष्ट्र था, क्योंकि राष्ट्र का आधार यहाँ केवल शासन नहीं बल्कि साझा परंपरा, श्रद्धा और संस्कार रहे हैं। यही कारण है कि संघ का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के नैतिक उत्थान के द्वारा राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना है।

भारत की वास्तविक पहचान उसकी विविधता में एकता है। डॉ. भागवत ने कहा कि भारतीय समाज का स्वभाव संघर्ष का नहीं, बल्कि समन्वय का है। इस भूमि ने हमेशा भीतर झाँककर सत्य की खोज की है, बाहर देखने की आवश्यकता कम ही रही। यही कारण है कि यहाँ के महापुरुषों ने मानवता, सृष्टि और मनुष्य को आपस में जुड़े हुए रूप में समझा। स्वामी विवेकानंद और स्वामी दयानंद सरस्वती जैसे महापुरुषों ने अपने विचारों से इस चेतना को जागृत किया। वहीं, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने यह अनुभव किया कि समाज की कुरीतियाँ और आंतरिक दोष हमें बार-बार गुलामी की ओर धकेलते हैं। उन्होंने ठाना कि संपूर्ण हिन्दू समाज का संगठन कर ही इन दोषों को दूर किया जा सकता है। यही उद्देश्य लेकर 1925 में संघ की स्थापना हुई। 'हिन्दू' शब्द को धार्मिक सीमा में बाँधना उचित नहीं है। यह शब्द समावेश का प्रतीक है, जिसमें हर किसी की श्रद्धा का सम्मान है। हिन्दू का अर्थ है दूसरों को बदलने की आवश्यकता न समझना, बल्कि उन्हें उनके मार्ग पर सम्मानपूर्वक चलने देना। इस दृष्टि से हिन्दू कहना हिन्दू बनाम अन्य नहीं है, बल्कि यह विविधता में एकता की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है।

आज जब जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक समरसता पर प्रश्न उठते हैं, तो लोग अपने मूल की ओर लौटते हैं। इसीलिए धीरे-धीरे वे लोग भी स्वयं को हिन्दू कहने लगे हैं,जो पहले इससे दूरी रखते थे। संघ इस प्रक्रिया को बल देता है, लेकिन किसी पर दबाव नहीं डालता। संघ के लिए हिन्दू राष्ट्र सत्ता या शक्ति का प्रश्न नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समन्वय की स्वाभाविक परिणति है।

**संघ की शताब्दी यात्रा और नये क्षितिज की ओर कदम**

संघ ने अपने शताब्दी वर्ष को केवल उत्सव तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसे आत्ममंथन और भविष्य-दृष्टि का अवसर बनाया है। संघ यह मानता है कि भारत केवल भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक राष्ट्र है। इस सांस्कृतिक राष्ट्र की विशेषता यह है कि इसमें विविधताओं का सम्मान है, परंतु यह विविधता विभाजन का कारण नहीं बनती। आज की पीढ़ी में यह प्रश्न अक्सर उठता है कि हिन्दू राष्ट्र का अर्थ क्या है? डॉ. भागवत ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि हिन्दू राष्ट्र का अर्थ किसी के बहिष्कार से नहीं है। यह सबको साथ लेकर चलने का मंत्र है। संघ सत्ता की राजनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि समाज की चेतना और संस्कृति के उत्थान का साधन है।

भारत की प्रगति और विश्व नेतृत्व तभी संभव है जब समाज संगठित और आत्मविश्वासी बने। संघ ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक सुधार के अनेक क्षेत्रों में काम करके यह दिखाया है कि संगठन के बल पर समाज की दिशा बदली जा सकती है। 'सेवा ही संगठन' का यह भाव संघ के कार्य में स्पष्ट झलकता है। संघ की शताब्दी यात्रा भारत के नये क्षितिज खोलने की ओर संकेत कर रही है। यह केवल संघ का उत्सव नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का उत्सव है। जब हर व्यक्ति अपने धर्म, भाषा और परंपरा का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय धारा से जुड़ता है, तब वह भारत माता की सच्ची सेवा करता है। यही संघ का सपना है और यही भारत को विश्वगुरु बनाने का मार्ग भी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संदेश स्पष्ट है– समाज के संगठन और समन्वय के बिना राष्ट्र का पुनरुत्थान संभव नहीं। विविधता में एकता भारत की पहचान है और इसी के आधार पर भविष्य का निर्माण होना चाहिए। संघ की शताब्दी दृष्टि केवल संगठन की शक्ति को ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को विश्व मंच पर पुनः प्रतिष्ठित करने का संकल्प भी है।

# लंबे समय तक बैठने वाले लोगों में हो सकती है हार्ट प्रॉब्लम



विजय गर्ग
मनोट पंजाब

हाल ही में हुए एक रिसर्च के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहने वाले लोगों में हार्ट प्रॉब्लम और कैंसर का खतरा 80 प्रतिशत बढ़ जाता है। वहीं एक्टिव रहने वाले व्यक्ति अधिक स्वस्थ और एनर्जेटिक होते हैं। बैठे रहने से एक नहीं बल्कि कई हेल्थ समस्याओं को बढ़ावा मिलता है। अधिक देर तक बैठे रहने से किन हेल्थ इशूज का सामना करना पड़ सकता है। एक ही जगह देर तक बैठना व्यक्ति की उम्र पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यदि कोई व्यक्ति दिन का अधिकतर समय बैठे रहने में निकाल देता है तो उसकी उम्र कम हो सकती है। बैठे रहने से हार्ट प्रॉब्लम, कैंसर और मोटापे जैसी समस्याएं घेर सकती हैं। जो लोग एक्सरसाइज और वॉकिंग नहीं करते वह दूसरों की तुलना में कम जीते हैं। देर तक बैठे रहने की वजह से मानसिक समस्या जैसे डिमेंशिया होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। लगातार स्क्रीन देखना और सोचते रहने से मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ता है जिस वजह से मानसिक विकार हो सकता है।

जो व्यक्ति बैठे रहने के साथ एक्सरसाइज और वॉक करते हैं वह स्वस्थ रहते हैं। डीप वेन थ्रॉम्बोसिस



(डीवीटी) की समस्या पैरों में ब्लड क्लॉट होने की वजह से होती है। ज्यादा देर तक पैरों को लटकाकर बैठना या पैरों का कम मूवमेंट होना इस समस्या को बढ़ा सकता है। पैरों में सूजन और दर्द इसके सामान्य लक्षण हो सकते हैं। कई बार डीवीटी की समस्या इतनी बढ़ जाती है कि ये पैरों से लंग्स तक पहुंच जाती है। लंग्स में ब्लड क्लॉट्स हो जाते हैं। एक्टिव न रहना या एक ही जगह पर अधिक देर तक बैठे रहने की वजह से हार्ट प्रॉब्लम का खतरा अधिक बढ़ जाता है।


बैठे रहने से बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन कम होता है जो हार्ट प्रॉब्लम्स का कारण बनता है। यही वजह है कि कम उम्र में लोगों को कार्डियक अरेस्ट जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जो लोग खड़े रहकर या वॉक करते हुए काम करते हैं. वह लोग अधिक हेल्दी रहते हैं। मोटापा बढ़ने के कई कारण होते हैं जिसमें से अहम है बैठे रहना। बॉडी को अधिक देर तक रिलेक्स रखना या मूवमेंट न करना मोटापे का बढ़ावा देता है। मोबाइल, टीवी या लैपटॉप की स्क्रीन लोगों को बैठने पर मजबूर कर देती है इसलिए हर एक घंटे के बाद 10 मिनट वॉक जरूर करनी चाहिए। इससे बॉडी के साथ आंखों को भी आराम मिलता है। मालूम हो कि वर्क फॉम होम और बढ़ते वर्क कल्चर की वजह से लोगों में एंजाइटी, तनाव और मेंटल हेल्थ पर गहरा प्रभाव पड़ा है। घंटों तक एक ही जगह बैठे रहना इन दिनों लोगों की मजबूरी हो गई है। इस मजबूरी की वजह से न सिर्फ बॉडी पोश्चर पर बल्कि हार्ट हेल्थ पर भी बुरा प्रभाव देखा जा रहा है।

## माता वैष्णो देवी के मार्ग पर विनाशलीला

# कुदरत का कहर या श्राइन बोर्ड का लालच और लापरवाही

चौबीसों घंटे माता रानी के जयकारों से गुंजायमान रहने वाला माता वैष्णो देवी मंदिर का मार्ग अब सन्नाटे में डूबा हुआ है। विनाशकारी भूस्खलन ने यहां न केवल 34 जिंदगियां लील लीं, बल्कि हजारों परिवारों को अनिश्चितता और भय के अंधेरे में धकेल दिया। कुछ तीर्थयात्री राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र के रहने वाले थे। अज्ञात 10 शवों में से चार महिलाओं के हैं । अर्धकुंवारी मार्ग, जो तीर्थयात्रा का प्रमुख विश्राम स्थल है, अब मलबे और चट्टानों के ढेर में तब्दील हो चुका है। श्रद्धालुओं की भीड़ जहां कभी भक्ति और उमंग से भरी होती थी, वहां अब रोते-बिलखते लोग अपने प्रियजनों की तलाश में भटक रहे हैं। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में स्थित वैष्णो देवी मंदिर के रास्ते में अर्धकुंवारी मां के पास हुए भूस्खलन में अब तक 34 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बीस घायल अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि अभी कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। बचाव कार्य जारी है। गंभीर हालात को देखते हुए उत्तर रेलवे ने जम्मू और कटरा स्टेशनों से आने-जाने वाली 58 ट्रेनों को रद्द कर दिया और 64 ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर बीच में ही रोकना पड़ा। धराली, थराली, मनाली, किश्तवाड़ के बाद माता वैष्णो देवी के त्रिकुटा पर्वत पर कुदरत के कहर से हुई इन मौतों ने देश को झकझोर दिया है। ताजा हादसे ने माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के कामकाज पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या उसकी नीतियां सही है? क्या लगातार निर्माण कार्य और बढ़ती दुकानें त्रिकुटा पर्वत पर उचित हैं? क्या भक्तों की संख्या बढ़ाने के लिए पहाड़ और पेड़ों का दोहन उचित है? क्या त्रिकुटा पर्वत पर भोजनालय चलाने और अन्य कामों के लिए डीजल वाहनों के आने-जाने की परमिशन देनी उचित है? क्या बाणगंगा से लेकर ऊपर दरबार तक बढ़ती जा रही गंदगी पर किसी का ध्यान है? शायद नहीं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हादसे के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नियंत्रण वाले वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के उस फैसले पर सवाल उठाया, जिसमें भारी बारिश की चेतावनी के बावजूद तीर्थयात्रा जारी रखने की अनुमति दी गई थी। अब्दुल्ला ने कहा कि जब हमें मौसम के बारे में पता था तो लोगों को यात्रा मार्ग पर क्यों नहीं रोका



गया? उन्हें सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं ले जाया गया? भारतीय वायुसेना ने जम्मू और उत्तरी पंजाब के बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत और बचाव कार्यों के लिए छह हेलीकॉप्टर को सेवा में लगाया तथा गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक कस्बे से सेना के 38 और बीएसएफ के 10 जवानों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इससे पहले राहत और बचाव सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना का सी-130 परिवहन विमान, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम के साथ जम्मू में उतरा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बचाव कार्य में शामिल होने के लिए और अधिक परिवहन विमान तैयार रखे गए हैं। सोशल मीडिया पर अब इस हादसे को लेकर स्थानीय और बाहरी श्रद्धालुओं का गुस्सा फूट रहा है। जिस रास्ते से चौबीस घंटे सातों दिन रात श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते थे, वहां कुदरत के कहर ने गहरा घाव दिया है जिसे हजारों परिवार जीवन भर नहीं भुला पाएंगे। श्रद्धालु टिप्पणी कर रहे हैं-यह क्यों मां? मां के घर में यह कैसी आपदा है? क्या दोषी हम हैं? दुर्गा सप्तशती के आखिर में मां से क्षमा मांगने के लिए क्षमा प्रार्थना मंत्र का पाठ किया जाता है। भूल में हुई अपनी गलती के लिए क्षमा मांगी जाती है। क्या यह भूल हमसे हुई है? सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। कटरा का रहने वाला शख्स रोते हुए बता रहा है कि कैसे मां के घर त्रिकुटा पर्वत को विकास के नाम पर बर्बाद कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर एक कटरावासी ने साफ-साफ कहा कि श्राइन बोर्ड की किताबों से लेकर रामायण तक में साफ-साफ लिखा है कि मां वैष्णो देवी प्रभु श्रीराम के लिए तपस्या कर रही हैं। श्रीराम ने उन्हें वादा किया था कि कलयुग में जब वो लौटेंगे तो माता को स्वीकार करेंगे। ऐसे में माता की तपस्या को प्रदूषण, गाड़ियों के हॉर्न, पेड़ों की कटाई और लगातार हो रहे निर्माण से क्यों बाधा पहुंचाई जा रही है? मां गुस्से में हैं। कारण साफ है,उनकी हजारों सालों की तपस्या में बाधा आ रही है। श्राइन बोर्ड भीड़ बढ़ाने के लिए त्रिकुट पर्वत को व्यवसाय के रूप में चलाने लगा है। गरीब भक्तों के लिए इंतजाम के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है ।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

### जनजातीय बहुल क्षेत्रों में सहभागी शासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व की पहल

# 'आदि कर्मयोगी अभियान' के अंतर्गत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



भारत सरकार द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आज अंबिकापुर के जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति समुदायों से जुड़े सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनजातीय क्षेत्रों में प्रभावी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण सेवा प्रदान करने हेतु प्रेरित करना और उन्हें सुशासन, नैतिकता एवं उत्तरदायित्व की दिशा में प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल,लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह,उपाध्यक्ष श्री देवनारायण यादव, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल,अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक,जिला पंचायत सदस्य,जनपद पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित जिले के विभिन्न विभागों से अधिकारियों की कार्यक्रम में सहभागिता रही। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा कर्मयोगी सिद्धांत, जनजातीय अधिकार, लोक सेवा मूल्य, और सामुदायिक भागीदारी जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित सदस्यों द्वारा आदिवासी समुदाय को आदि कर्मयोगी की योजनाओं का बेहतर लाभ मिले इसके लिए सुझाव दिए गए और जनजाति समुदाय को जमीन स्तर पर योजनाओं का बेहतर लाभ मिले इसके लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया गया जिससे सबकी सहमति से आवश्यकताओं के अनुरूप विकास किया जा सके। मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आदि कर्म योगी अभियान एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन है जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सब का साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के दूरदर्शी आव्हान का प्रतीक है। उनके प्रयास से सभी जनजाति क्षेत्रों में सभी विकास कार्य किया जा रहे हैं जिनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह नई योजना जनजातीय समुदाय के लिए नई उम्मीदें और सपने लेकर आई है। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति तभी संभव है जब सभी लोग सामुदायिक प्रयासों से मिलकर कार्य करें। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आदि कर्मयोगी अभियान को वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि यदि हम आज बेहतर कार्य करेंगे तो आने वाला समय भी उवल होगा। उन्होंने सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों से परस्पर समन्वय स्थापित कर योजना को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल अधिकारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि जनजातीय समुदायों की संस्कृति, अधिकारों और आवश्यकताओं को समझने की एक संवेदनशील पहल भी है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासनिक चुनौतियों, अवसरों और समाधान पर सामूहिक चर्चा की। प्रतिभागियों ने अभियान के उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में इसे लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह अभियान देशभर में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन व्यवस्था में समावेशिता, संवेदनशीलता और सेवा भाव को सुदृढ़ करना है। जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने पीपीटी प के माध्यम से जानकारी दी कि जिले के सातों विकासखंडों में कुल 416 आदिवासी बहुल ग्राम चिन्हित किए गए हैं,जहां लगभग 8320 ग्राम स्तर पर चेंज लीडर कैडर तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान 2024-25 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 50 प्रतिशत या 500 से अधिक आदिवासी जनसंख्या वाले ग्रामों को प्राथमिकता से चुना गया है। इनमें अंबिकापुर ब्लॉक के 66, लुण्ड्रा के 85, बतौली के 49, सीतापुर के 43, मैनपाट के 39, लखनपुर के 87 और उदयपुर ब्लॉक के 47 ग्राम सम्मिलित हैं। सीईओ श्री अग्रवाल ने कहा कि इन सभी 416 ग्रामों में योजनाओं का क्रियान्वयन सामूहिक प्रयासों और सहभागिता के माध्यम से किया जाएगा।

## दुकान बाइक को टक्कर मारकर भाग रहे ट्रक चालक व परिचालक की बेदम पिटाई

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



गांधीनगर थाना क्षेत्र के अजिरमा बैरियर के समीप शुक्रवार की दोपहर लोगों ने ट्रक चालक व परिचालक की बेदम पिटाई कर दी। ट्रक चालक सिलफिली के पास 1 दुकान व 2-3 बाइक को टक्कर मारकर भाग रहा था। नाराज लोगों ने अजिरमा के पास पकड़ लिया और चालक व परिचालक की बेदम पिटाई कर दी। पिटाई से चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों ने ट्रक में भी तोड़फ़ोड़ किया है। ममाले में गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र सिंह ग्राम खोड़ थाना पटना जिला कोरिया का रहने वाला है। वह वाहन चलाने का काम करता है। शुक्रवार को बिश्रामपुर की ओर से ट्रक लेकर अंबिकापुर की ओर जा रहा था। वाहन में परिचालक शनि सिंह भी था। सिलफिली के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया और बेकाबू ट्रक सीआरपीएफ बटालियन के समीप एक दुकान में टक्कर मारते हुए पास में खड़े 2 से 3 बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान दुकान का शेड व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर तेज रफ्तार से भाग रहा था। आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन का पीछा करते हुए गांधीनगर थाना क्षेत्र के अजिरमा बैरियर के समीप पहुंच गए और वाहन को रोकर चालक व परिचालक की बेदम पिटाई कर दी। लोगों के मारपीट किए जाने से चालक को गंभीर चोटें आई है। चालक अचेत अवस्था में सडक़ पर पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची गांधीनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और चालक व परिचालक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। गांधीनगर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया जा रहा है।

## पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती है,नियमित पढ़ने की डालनी चाहिए आदत

### डाइट अंबिकापुर में पुस्तक वाचन दिवस का आयोजन



-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 28 अगस्त को शासन के निर्देशानुसार डाइट अंबिकापुर में पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य केसी गुप्ता, समस्त अकादमिक सदस्य, कार्यालयीन लिपिक वर्ग एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण ग्रंथालय में एकत्रित हुए और विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का सामूहिक वाचन किया। प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी को संविधान की शपथ दिलाई और कहा कि पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं और हमें नियमित रूप से पठन एवं वाचन की आदत बनानी चाहिए। संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक, जो शाला अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक शालाओं में कार्यरत हैं, उन्होंने भी संबंधित विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्रों के साथ मिलकर पुस्तक वाचन किया। यह आयोजन न केवल अध्ययन की संस्कृति को प्रोत्साहित करने वाला रहा, बल्कि शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने में भी सहायक सिद्ध हुआ।

## रंजीत सारथी को पेंशनर्स एसोसिएशन सरगुजा का संभागीय अध्यक्ष किया गया नियुक्त

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रावधानों के तहत श्री पी.आर. यादव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिनांक 29 अगस्त को अधिसूचना जारी कर श्री रंजीत सारथी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एवं वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षा विभाग को पेंशनर्स एसोसिएशन का सरगुजा संभागीय अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। श्री सारथी जी को सरगुजा संभाग में संगठन के विस्तार एवं पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण हेतु पत्रचार के लिए अधिकृत किया गया है। संभागीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर पेंशनर्स साथीयों एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है तथा आनंद यादव प्रदेश महामंत्री,सरगुजा संभाग अध्यक्ष दिनेश कश्यप एवं,अध्यक्ष संजय यादव,जिला सचिव संतोष दुबे,कोषाध्यक्ष सुधीर राणा , ब्लाक अध्यक्ष बृजेश मिश्रा छ.ग. प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ सरगुजा एवं पदाधिकारियों ने श्री सारथी जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

## सरगुजा के मैनपाट में हाथियों का आतंक

### दर्जनों मकान और फसलों को पहुँचाया नुकसान



-संवाददाता-
मैनपाट,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के मैनपाट वन परिक्षेत्र में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। पिछले एक महीने से 13 हाथियों का दल अलग-अलग इलाकों में घूमते हुए ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा रहे है। हाथियों ने अब तक दर्जनों मकानों को नुकसान पहुँचाया है और कई एकड़ में लगी फसलों को भी रौंद डाला है। मैनपाट वन परिक्षेत्र के कंडराजा, बारवाली और पेंट के जंगलों में 13 सदस्यीय हाथियों का दल लगातार विचरण कर रहा है इन हाथियों के उत्पात से अब तक बड़ी संख्या में मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और कई एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो का कहना है कि मैनपाट हाथियों का प्राकृतिक कॉरिडोर है,इसलिए यहां उनकी आवाजाही बनी रहती है। उन्होंने कहा कि कच्चे मकानों को हाथियों से सबसे अधिक नुकसान होता है, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले पक्के मकान ज्यादा सुरक्षित हैं। विधायक का कहना है कि इस योजना को ग्रामीण इलाकों में तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं विधायक रामकुमार टोप्पो ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों के करीब न जाएं और सावधानी बरतें, क्योंकि झुंड से बिछड़ा हाथी सबसे ज्यादा खतरनाक साबित होता है।

# 13 सितंबर को होगा हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।




राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) श्री के.एल. चरयाणी जी के मार्गदर्शन में आगामी 13 सितम्बर 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) के अंतर्गत सभी न्यायालयों, मे हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, व्यवहार प्रकरण, चैक बाउंस प्रकरण, परिवारिक विवाद, दुर्घटना संबंधी दावा, मजदूरों सं संबंधित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण प्रकरण, राजस्व प्रकरण, विद्युत चोरी संबंधी प्रकरण जैसे प्री-लिटीगेशन के प्रकरणों का भी निराकरण आपसी सहमति के माध्यम से किया जा सकता है। उक्त हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) श्री के.एल. चरयाणी जी द्वारा सभी न्यायाधीशगण की बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारगण के साथ प्री-सिटिंग कर राजीनामा पर विचार करने का अवसर प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) श्री के.एल. चरयाणी जी सहित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) में पदस्थ न्यायाधीशगण, अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) श्री आनंद राम ढ़िडही जी तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) श्री के.एल. चरयाणी जी द्वारा व्यक्त किया गया कि हाइब्रिड लोक अदालत के माध्यम से पुनः पक्षकारगण को यह अवसर प्रदान हो रहा कि वे राजीनामा योग्य प्रकरणों में अपनी आपसी सहमति के आधार पर अपने मध्य के विवाद का अंत कर सकते हैं। साथ ही इस बिन्दु पर भी जोर दिया कि पक्षकार मामले का निराकरण आपसी सहमति से करने हेतु संबंधित न्यायालय, जहां उनका प्रकरण लंबित है, के समक्ष व्यक्तिगत रूप से होने के अलावा वर्चुअल कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी उपस्थित हो सकते हैं और इस प्रकार न्यायालय में आये बिना भी अपने मामले का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर करा सकते हैं। मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) श्री के.एल. चरयाणी जी द्वारा आमजनों से अपील किया गया है कि 13 सितम्बर 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय सरगुजा (अम्बिकापुर) (छ.ग.) के अंतर्गत सभी न्यायालयों तथा व्यवहार न्यायालय सीतापुर सरगुजा (छ.ग.) में आयेजित होने वाले हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से विवाद का निराकरण करा कर अपने मध्य के मतभेदों को समाप्त करने के इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठावें तथा हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करें।

# सरस्वती महाविद्यालय सुभाष नगर अंबिकापुर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



नगर के सरस्वती महाविद्यालय सुभाष नगर अंबिकापुर में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजरूप छाजेड़ महाविद्यालय समिति के व्यवस्थापक एवं प्रभारी प्राचार्य श्री ऋषि सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती एवं मेजर ध्यानचंद के छाया प्रति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। व्यवस्थापक महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के दिन को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों के बीच खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और प्रोत्साहन करना है। उन्होंने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के स्टिक में यदि बॉल आ जाती थी तो उस बॉल को हटाना बहुत मुश्किल होता था, कई बार उनका स्टिक बदला गया लेकिन वैसे जादूगर थे कि स्वयं के ऊपर फर्क नहीं पड़ता था ये हमारे प्रेरणा के स्त्रोत है। किसी भी छात्र को खेल में हिस्सा लेना है तो उसे पूरे तन्मयता के साथ करता है तो सफल जरूर होता है। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेजर ध्यानचंद एक भारतीय हॉकी के जादूगर के रूप में जाना जाता है। इस खेल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अब तक का माना जाता है । उन्हें भारतीय हॉकी के जादूगर के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को हुआ था। इसी दिन को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। अंत में आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी श्री धर्मेश श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। मंच का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री प्रवीण शर्मा, श्री कृष्ण कुमार सारथी, श्री सूरज कुमार, शिवकुमार यादव, सुरेश यादव, रामनरेश प्रजापति, आयुष सिन्हा, नरेंद्र बंजारे, श्रीमती प्रीतिशुक्ला, श्रीमती दीपशिखा सिन्हा, श्रीमती रानू निशा, श्रीमती वर्षा गुप्ता, श्रीमती आराधना त्रिपाठी, एवं बीपीएस के छात्र छात्राएं एनएसएस के वॉलिंटियर, महाविद्यालय के छात्र छात्राएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चरित्र शंका होने पर पति ने पत्नी का रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर तालाब में फेंका



-संवाददाता-
बरियों,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर थाना अंतर्गत आने वाले बारियों चौकी के ककना (खालपारा) निवासी एक आरोपी पति ने अपनी पत्नी का रस्सी से गला घोटकर मृतका की लाश को तालाब में फेंक कर बरियों चौकी में पहुंचकर अपना जुर्म कबूल किया।

पुलिस ने मृतका के आरोपी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल। जानकारी के अनुसार सीताराम पैकरा पिता विफन पैकरा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम ककना (खालपारा) ने 27 अगस्त 2025 को बारियों चौकी पहुंचकर पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल करते हुए कहां की मैंने अपनी पत्नी सुनीता पैकरा का प्लास्टिक की रस्सी से गला घोट कर उसकी हत्या कर तालाब में फेंक दी है। पुलिस ने आरोपी के कबूल नामा पर पुलिस के द्वारा आरोपी के द्वारा बताए गए तालाब में ग्रामीणों के साथ पहुंचकर उनकी मदद से लाश को बाहर निकाल कर पंचनामा कार्यवाही कर. पोस्टमार्टम के लिए भेजा. डॉक्टर के शॉर्ट पीएम के अनुसार गला घुटने से मृत्यु होना बताया गया। पुलिस ने आरोपी पर कार्यवाही आरोपी सीताराम पैकरा पर अपराध क्रमांक 205/2025 धारा 103(1). 238 भा. न्याय . स. के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा। कार्यवाही में शामिल रहे. चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्रप्रताप सिंह प्रधान आरक्षक 406. प्रदीप यादव. प्रधान आरक्षक 358 बृजभान पर. प्रधान आरक्षक 670 विजय गुप्ता. आरक्षक क्रमांक 677 जगन्नाथ केराम आरक्षक रामसूरत यादव 140 महिला आरक्षक सरिता सिंह।

# अंतरास्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन एवं मिडिया की टीम देवसाय पहाड़ी कोरवा के बुलावे पार पहुंचे उनके गांव फूली डूमर

- आखिर क्यों दुरुस्त अंचलों में नहीं पहुंच पा रहा है राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र (पहाड़ी कोरवाओं) तक मूलभूत सुविधाये?
- आख़िर क्यों हड़प्पा संस्कृत की ओर जाने को जाने को मजबूर हो रहे फूली डूमर के राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा?

-संवाददाता-
वाड्रफनगर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन एवं मिडिया कर्मी.राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र (पहाड़ी कोरवा) देव साय के बुलावे पर उनके गांव फूली डूमर पहुंच कर उनकी व्यथा सुनने। विदित हो कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र (पहाड़ी कोरवाओं) के जीवन उत्थान के लिए. केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा अनगिनत जनकल्याण कारी कार्य चलाया जा रहा है। बावजूद इसके बलरामपुर जिले के वाड्राफनगर के ग्राम फूली डूमर के राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र (पहाड़ी कोरवा) परिवारों को अब तक मूल भूत सुविधा नहीं मिल पाना, कहीं ना कहीं प्रशासनिक अमला का ग्राम पंचायत फूली डूमर तक ना पहुंचना माना जाता है।

**आखिर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र (पहाड़ी कोरवाओं) तक अबतक जनमन योजना क्यों नहीं पहुंच अबतक?**

देव साय कोरवा ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेसन एवं मिडिया कर्मियों को बताया कि हमारे ग्राम फूली डूमर में अभी तक केन्द्र सरकार के द्वारा चलाया जा रहा जनमानयोजना के तहत बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास लाभ का लाभ नहीं मिल पाया है। ना ही सड़क बिजली अबतक मिल पाई है। देव साय कोरवा के द्वारा कहा गया कि आप लोगों के आने से शायद शासन प्रशासन तक पहुंचने पर शायद हम पहाड़ी कोरवाओं तक शासन से मिलने वाली योजना पहुंच जाय तो शायद हम कोरवाओ परिवार का शायद भला हो सकता है।

## घर में अकेली जानकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

-संवाददाता-
चलगली,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के रात के अंधेरे में महिला के घर में घुसकर खाना बना रही महिला के साथ छेड छाड करने वाला आरोपी चढ़ा चलगली पुलिस के हत्थे। जानकारी के अनुसार आरोपी इम्तियाज़ पिता रोज़ मोहम्मद उम्र 32 साल स निवासी सारदापुर थाना चलगली,जिला बलरामपुर के द्वारा गलत नीयत के उद्देश से घर में खाना बना रही अकेली महिला जानकार जबरजस्ती महिला के साथ छेड़ छाड़ करने लगा महिला के द्वारा जोर जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसियों के आने पर आरोपी दरवाजा खोलकर भाग गया।प्रार्थी के द्वारा चलगली थाने आकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराई कि,पीड़िता घर में अकेली खाना बना रही थी अन्य परिजन घर से बाहर थे। महिला को घर में अकेली जानकर आरोपी इम्तियाज़ पिता रोज़ मोहम्मद महिला के घर में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर महिला के साथ गलत नीयत से छेड़ छाड़ करने लगा।

# कीव में रूसी हमलों में 22 लोगों की मौत

## जेलेंस्की ने की मॉस्को को जिम्मेदार ठहराने की मांग

**कीव,29 अगस्त 2025।** यूक्रेन की राजधानी कीव के डार्नीत्स्की इलाके में बुधवार देर रात रूस के ड्रोन और मिसाइलों के हमले में कम से कम कुल 22 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को लेकर चलाए जा रहे रेस्क्यू अभियान के बारे में जानकारी दी।



### अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास के बीच बड़ा हमला

हमला ऐसे वक्त किया गया, जब तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास चल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात भी की थी। यह कीव पर पिछले कुछ हफ्तों में रूस का पहला बड़ा संयुक्त हमला था।

### आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने दी जानकारी

यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने इस हमले को लेकर अपनी रिपोर्ट दी है। इसमें उन्होंने बताया कि कीव के डार्नित्स्की जिले में आवासीय इमारत पर रूसी हमले के स्थल पर बचाव अभियान पूरा हो गया है। हमले में नष्ट हुए ढांचों के मलबे को हटाने का काम जारी है। यहां मरने वाले 22 लोगों में चार बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सबसे छोटी बच्ची की उम्र तीन साल भी नहीं थी।

### रूस ने ड्रोन,क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

कीव के नगर प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि रूस ने ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं थीं। कीव के सात जिलों में कम से कम 20 जगहों पर इसका असर पड़ा। उन्होंने बताया कि शहर के केंद्र में स्थित एक शॉपिंग मॉल समेत लगभग 100 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और हजारों खिड़कियां टूट गईं। रूसी हमलों ने कीव के मध्य भाग को प्रभावित किया।

### जेलेंस्की बोले- रूस को जिम्मेदार ठहराए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय

वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इस हमले के लिए रूस को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया। उन्होंने मास्को पर कूटनीति के बजाय बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रूस को इस हमले के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। जब कूटनीति के बजाय रूस बैलिस्टिक को चुनता है और उत्तर कोरिया जैसे कारकों के साथ सहयोग को गहरा करता है, तो ऐसे में दुनिया को भी उसी के अनुसार जवाब देना चाहिए। साथ ही उन्होंने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने और दबाव बनाने की अपनी मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि रूस सिर्फ ताकत समझता है और अब ताकत का प्रदर्शन ज़रूरी है। अमेरिका,यूरोप और जी-20 देशों में यह ताकत है।

# दिसंबर में भारत आएंगे पुतिन

## क्रेमलिन ने लगाई मुहर,एससीओ सम्मेलन में पीएम मोदी से भी होगी मुलाकात

**मॉस्को,29 अगस्त 2025।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर में भारत आएंगे। क्रेमलिन ने इसकी पुष्टि कर दी है। इससे पहले सोमवार को चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन की मुलाकात होगी। यह जानकारी शुक्रवार को क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने दी। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया था। इसे लेकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को फोन किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को इस साल के अंत में वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भारत आने का न्योता दिया था। अब क्रेमलिन ने इस पर मुहर लगा दी है। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि पुतिन दिसंबर में भारत की यात्रा करेंगे।

**एससीओ में होगी पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात:**प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन दोनों 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उशाकोव ने कहा, 1 सितंबर को एससीओ प्लस बैठक के तुरंत बाद हमारे राष्ट्रपति भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि यह इस साल दोनों नेताओं की पहली आमने-सामने की बैठक होगी, हालांकि वे लगातार फोन पर संपर्क में रहे हैं। उशाकोव ने कहा,हमारे देशों के बीच विशेष



रणनीतिक साझेदारी है। इस संबंध में दिसंबर 2010 में एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई थी, और इस साल उसकी 15वीं वर्षगांठ है। उन्होंने आगे बताया कि इस मुलाक़ात के दौरान दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा होगी।

**डोभाल ने भी दिया था भारत आने का न्योता :** इसी महीने राष्ट्रीय सुरक्षा सचिव (एनएसए) अजीत डोभाल मॉस्को का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत आने का निमंत्रण दिया था। इसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया था।

# सरगुजा में यूरिया संकट : किसानों को 266 की खाद 1000 में खरीदनी पड़ रही

-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

खरीफ सीजन में खाद की कमी और कालाबजारी,एग्रो स्टेट पंजीकरण में शिथिलता,फसल बीमा में मनमानी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने आज जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में ग्राम डिगमा में धरना प्रदर्शन कर बनारस रोड पर सांकेतिक चक्काजाम किया। खरीफ़ सीजन की शुरुआत से ही समितियों में निरंतर यूरिया, डी ए पी और दूसरे कॉम्प्लेक्स खाद की कमी बनी हुई है। सरकार ने रूस-यूक्रेन युद्ध की आड़ में डी ए पी खाद का आयात ही नहीं किया। यूरिया खाद जिसके उत्पादन में देश आत्मनिर्भर है कि भी कमी प्रशासनिक लापरवाही से बनी हुई है। खरीफ़ के सीजन में रोपा के उपरांत आज यूरिया का शॉर्टेज समितियों में बना हुआ है। दूसरी ओर इसकी जबरदस्त कालाबाजारी हो रही है। 266 रुपए के यूरिया की बोरी 800 रुपए में कालाबाजारियों के द्वारा बेचा जा रहा है। धान खरीदी और अन्य कृषि फायदे के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाए गए एग्री स्टेट पंजीयन को बिना प्रचार प्रसार के अनिवार्य करने एवं पंजीयन पोर्टल की लचर व्यवस्था भी आज के प्रदर्शन का एक मुद्दा था। यह मांग भी थी कि वन अधिकार पट्टे के धान उत्पादक किसानों को भी इससे जोड़ा जाये ताकि वे भी समर्थन मूल्य पर धान समितियों में बेच सकें।किसानों की सहमति के बगैर फसल बीमा के प्रीमियम की कटौती, सिंचित क्षेत्र जिन्हें असिंचित घोषित किया गया है को पुनः सिंचित घोषित करने सहित कुल 7 मांगे इस प्रदर्शन के दौरान रखी गई और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा गया।





प्रदर्शन के दौरान एकत्र हुए किसानों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि सरकार समितियों के माध्यम से तत्काल शासकीय दर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराए साथ ही खाद के कालाबाजारियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि जैसे एक शिशु को समय पर दूध की आवश्यकता होती है उसी प्रकार फसलों को भी समय पर खाद चाहिए। खाद को लेकर सरकार का रवैया के कारण अच्छी बारिश के बावजूद किसानों का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बन रही है। पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की सरकारों का लक्ष्य बड़े पूंजीपतियों के कल्याण है। किसान, जवान, महिला, पिछड़े, आदिवासी, दलित सहित देश के आम नागरिको का हित भाजपा सरकारों के कार्यसूची में नहीं आता। प्रदेश की विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार भी इसी नीति का अनुसरण कर रही है। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने विष्णुदेव साय सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ये सरकार जानबूझकर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा रही है। सरकार का एकमात्र लक्ष्य धान उत्पादन को प्रभावित करना है। सरकार को लगता है कि खाद की कमी से किसान का धान उत्पादन कम होगा जिससे सरकार पर धान खरीदी का बोझ नहीं आएगा। धान खरीदने से बचने के लिए सरकार जानबूझकर किसानों को खाद नहीं उपलब्ध करा पा रही है। इस दौरान पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। धरना,प्रदर्शन और सांकेतिक चक्काजाम के कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश गुप्ता ने किया और आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने किया। इस दौरान विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, मुनेश्वर राजवाड़े, नारद गुप्ता, अनिल सिंह, शैलेंद्र सोनी,अनूप मेहता, जमील खान, लोकेश कुमार, विकल झा, प्रीति सिंह,आशीष शील, विक्रम सोनपाकर, संजय सिंह, वेदप्रकाश शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।



# राजपुर में दुकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

## प्रीमियम व किराया बकाया होने पर 21 दुकानें सील

-संवाददाता-
राजपुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा की तोड़फोड़ की कार्यवाही। दुकानदारों द्वारा नीलामी के बाद भी प्रीमियम व किराया राशि का भुगतान नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 21 दुकानों को सील कर दिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रविंद्र लाल ने जानकारी दी कि वर्ष 2016 में बस स्टैंड परिसर में 15, वर्ष 2021 में महुआपारा में 15 तथा वर्ष 2025 में डेली सब्जी मार्केट में 12 दुकानों की नीलामी की गई थी। बोली प्रक्रिया में कई दुकानों की कीमत 12 से 15 लाख रुपये तक पहुंची थी। नियम अनुसार प्रीमियम राशि किस्तों में जमा कर अनुबंध पूरा करना था, लेकिन दुकानदारों ने न तो प्रीमियम की राशि पटाई और न ही किराया जमा किया। नगर पंचायत द्वारा दो माह के भीतर तीन बार नोटिस देने के बाद भी दुकानदारों ने कोई जवाब नहीं दिया। अंतिम सूचना 22 अगस्त को जारी कर 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी दावा-आपत्ति नहीं मिलने पर दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड में 15 में से 6 दुकानें, महुआपारा में 15 में से 5 दुकानें और सब्जी मार्केट की 12 में से 10 दुकानें सील की गई हैं।

सब्जी मार्केट की दुकानों को पुनः टेंडर करने की तैयारी की जा रही है। वहीं, महुआपारा में 3 दुकानदारों ने स्वेच्छा से दुकानें सरेंडर कर दी हैं, जिनकी अमानत राशि जप्त कर ली गई है और इन दुकानों का भी पुनः टेंडर होगा। नगरीय प्रशासन के मुताबिक बस स्टैंड में 30 लाख 94 हजार 500 रुपये तथा महुआपारा में 7 लाख 15 हजार 500 रुपये की राशि बकाया है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सालिक राम गुप्ता, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविंद्र लाल, दयाशंकर गुप्ता, जय सिंह सहित पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर अम्बिकापुर में हॉकी प्रतियोगिता,उत्कृष्ट खिलाड़ियों का किया गया सम्मान





-संवाददाता-
अंबिकापुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की 120वीं जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हॉकी मैदान में सद्भावना हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री विलास भोसकर एवं वरिष्ठ पार्षद श्री आलोक दुबे ने मेजर ध्यानचन्द और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। हॉकी प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 4 तथा पुरुष वर्ग की 6 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में विश्रामपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि छोटा नागपुर की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में शासकीय कन्या परिसर की टीमें हावी रहीं। सीनियर कन्या परिसर टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया जबकि कन्या परिसर की जूनियर टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर सरगुजा के उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। सम्मानित खिलाड़ियों में बैडमिंटन के श्री वेंकट गौरव प्रसाद एवं श्री हिमांशु वर्मा, बास्केटबॉल की श्रीमती अनीषा सिंह एवं कुमारी रिविका लकड़ा तथा नेटबॉल की कुमारी खुशबू गुप्ता शामिल रहीं। इन्हें शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता दास एवं श्री योगेश विश्वकर्मा ने किया। यह आयोजन तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का हिस्सा है,इसी अनुक्रम में 30 अगस्त को फूटबॉल प्रतियोगिता एवं 31 अगस्त को संडे ऑन साइकिल के साथ गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर में खेल का समापन होगा।

# बलरामपुर में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई : अवैध रेत उत्खनन पर चानान नदी पर मारा छापा,चार ट्रैक्टर जब्त

-संवाददाता-
बलरामपुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

जिले में अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने चानान नदी में चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर दबिश दी. इस दौरान मौके से चार ट्रैक्टरों को जप्त किया गया। वहीं, प्रशासनिक टीम को देखकर कुछ ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टरों को लेकर मौके से भागने में सफल हो गए. जानकारी के अनुसार, बलरामपुर एसडीएम अभिषेक गुप्ता को क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी पर कार्रवाई करते हुए वे स्वयं राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अचानक हुई कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग मौके से भाग निकले। एसडीएम अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिले में अवैध रेत उत्खनन की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी व्यक्ति अवैध उत्खनन में संलिप्त पाया जाएगा,उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जिले में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें आती रही हैं। स्थानीय स्तर पर कई बार ग्रामीणों ने भी इस मुद्दे को उठाया है,लेकिन प्रशासनिक टीम की इस सख्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# घर के बाहर बांधे मवेशी को जंगल ले जाकर मारकर मांस खाने और बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
राजपुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़खड्डुआ में घर के बाहर बांधे गए मवेशी की चोरी कर उसकी हत्या करने और मांस बेचने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा। जानकारी के अनुसार ग्राम पहाड़खड्डुआ निवासी ननकु पिता भोगला (55 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 और 28 अगस्त की दरम्यानी रात को उसके घर के बाहर बंधे दो मवेशियों में से एक को आरोपी ले जाकर जंगल में मार दिए। आरोपियों ने मांस और शराब का सेवन किया तथा शेष मांस गांव में बेच दिया। इस घटना पर पुलिस ने धारा 325 बीएनएस



एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 10 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों (1) भुला पहाड़ी कोरवा पिता विरसाय पहाड़ी कोरवा (35 वर्ष) एवं (2) राजेश पहाड़ी कोरवा पिता सुइयां पहाड़ी कोरवा (19 वर्ष), दोनों निवासी परसापानी घोरघडी को उनके घर से गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त टांगी को भी जब्त किया गया है।पुलिस ने दोनों आरोपियों को 29 अगस्त को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल वारंट जारी होने पर उन्हें जेल भेजा गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक दिनेश राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक राजेश पांडे, आरक्षक अनिल पैंकरा, अमृत सिंह एवं रूपेश गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

# शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया



-संवाददाता-
सूरजपुर,29 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अमित सिंह बनाफ़र द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार तिवारी ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मेजर ध्यानचंद की गिनती भारत एवं विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में होती है। मेजर ध्यानचंद तीन ओलंपिक खेल 1928, 1932 एवं 1936 में भारतीय टीम के सदस्य रहे।

1936 ई. के ओलंपिक खेल जो बर्लिन में आयोजित किए गए थे उनमें उन्होंने भारतीय हॉकी टीम के कप्तान की भूमिका निभाई। इन तीनों ओलंपिक में भारत ने हॉकी का स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उनके नेतृत्व में भारत ने हॉकी का अपना स्वर्णिम युग देखा।

# पटना नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिकायतों की जांच से क्यों घबरा रहे हैं और कार्यालय छोड़कर क्यों भाग रहे हैं?

**क्या सीएमओ ने अपने कार्यकाल में किए हैं भ्रष्टाचार जिस वजह से जांच से वह घबरा रहे हैं,पटना नगर पंचायत में दो बार जांच दल पहुंच चुका पर दोनों बार चुपके से सीएमओ भाग निकले**

## कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल को दो बार छकाने पर क्या कलेक्टर कोरिया करेंगी अनुशासनात्मक कार्यवाही...

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटना के संबंध में की गई विभिन्न शिकायतें जो कलेक्टर कोरिया से की गई हैं जिसके बाद कलेक्टर कोरिया ने जांच दल का गठन किया है और वह जांच दल दो बार जांच के लिए नगर पंचायत पटना पहुंचा भी है लेकिन उन्हें दोनों बार साहब ने छकाया है नगर में रहते हुए भी सामने आने से जांच के लिए परहेज किया है मामले में क्या इस मामले में कलेक्टर कोरिया एकतरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगी क्योंकि मामला उच्च अधिकारी के निर्देश की अवहेलना का है। अब पूरे मामले में कलेक्टर कोरिया के निर्णय का ही इंतजार है कि क्या वह एकतरफा अब कार्यवाही करती हैं या फिर साहब मंत्री जी के खास है इसलिए वह डटे रहने वाले हैं।

## क्या जांच दल के सामने नहीं आने और बार बार जांच दल से भागने मामले में कलेक्टर कोरिया सीएमओ पर करेंगी अनुशासनात्मक कार्यवाही?






-रवि सिंह-

बैकुंठपुर,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। कोरिया जिले का नवगठित नगर पंचायत अपने पहले मुख्य नगरपालिका अधिकारी से सुर्खियों में आ गया है,बताया जाता है कि यह ऐसे अधिकारी हैं जिन्हें इंसान पसंद नहीं और यह इंसान देखकर उन्हें खुद से दूर ही रखना ज्यादा पसंद करते हैं भले ही वह आम जनता हो नगर की,निर्वाचित जनप्रतिनिधि हों नगर पंचायत के या फिर वरिष्ठ अधिकारी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एकाकी व्यवस्था पसंद इंसान माना जा रहा है और अब वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी उसी अनुरूप ढलने सीख देते सुने जा रहे हैं जो इंसान नाम की आहट उन तक पहुंचाते हैं और आहट की खबर सुनकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी कार्यालय से फुर्र हो जाते हैं। वैसे ऐसा कतई हम नहीं कह रहे हैं यह आम चर्चा का विषय है नगर पंचायत पटना में की मुख्य नगरपालिका अधिकारी इंसानों से दूरी बनाकर चलते हैं और उन्हें इंसानों में केवल वही इंसान पसंद हैं जिनसे उन्हें लाभ की उम्मीद होती है जिनमें ठेकेदारों सप्लायरों के नाम शामिल हैं।

नगर पंचायत गठन उपरांत प्रथम निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी इस तरह उपेक्षित करते हैं कि उन्हें वह बैठकों में भी वही जानकारी उपलब्ध कराते हैं जो वह खुद देना चाहते हैं कुछ यदि किसी ने पूछ लिया साहब उठकर बिना बताए बैठक से चले जाते हैं और निर्वाचित जनप्रतिनिधि उनका कुछ देर इंतजार करते हैं और फिर वह भी अपने अपने घर चले जाते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गठन से लेकर चुनाव प्रथम संपन्न होने तक काफी निश्चिंत थे और अकेले नगर पंचायत के कर्ताधर्ता थे और वहीं संपन्न हुए चुनाव के बाद से जैसे ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि नगर पंचायत में शामिल हुए साहब को वह खटकने लगे और उनकी आजादी एकला चलो वाली नीति जब प्रभावित होने लगी उन्होंने भागने की नीति नई बनाई और बस तभी से वह भागते रहते हैं और जनता,नेता,पत्रकार सहित अधिकारी उनके पीछे दौड़कर उन्हें पकड़ने प्रयासरत हैं। नगर पंचायत के गठन से लेकर अब तक नगर पंचायत में किए गए निर्माण कार्य,विभिन्न खरीदी,अलाव जलाने के किए गए खर्च सहित अन्य विविध व्यय में भ्रष्टाचार एवं प्रधानमंत्री आवास मामले में भी स्वीकृति के नाम पर पैसे की मांग जैसी शिकायतें होने के बाद जब कलेक्टर कोरिया ने शिकायतों की जांच के लिए जांच दल का गठन किया और जांच अधिकारी नियुक्त किए गए तबसे साहब और भाग रहे हैं और अब जांच अधिकारी उनका कार्यालय आकर इंतजार करके लौट जा रहे हैं जबकि साहब होते तो कार्यालय में हैं जब जांच दल जांच के लिए रवाना होने वाला होता है लेकिन साहब को उनके सूत्रों से पता चल जाता है और साहब नगर पंचायत के पिछले दरवाजे से भाग निकलते हैं और फिर वह दिनभर नहीं लौटते हैं और जांच अधिकारियों के पूछने पर कर्मचारी साहब के द्वारा सिखाया गया जवाब दे देते हैं कि साहब यहां गए हैं वहां गए हैं जबकि साहब सीधे घर में जाकर दरवाजा बंद कर सो जाते हैं।

### साहब इतने होशियार और सतर्क रहते हैं कि वह जांच दल के आने से एक मिनट पहले ही कार्यालय छोड़कर रफूचक्कर हो जाते हैं...

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर कोरिया के समक्ष हुई मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटना की शिकायत के बाद और कलेक्टर कोरिया द्वारा गठित जांच दल के बाद जांच दल दो बार नगर पंचायत पटना आ चुका है लेकिन साहब इतने होशियार और सतर्क रहते हैं कि वह जांच दल के आने से एक मिनट पहले ही कार्यालय छोड़कर रफूचक्कर हो जाते हैं,जांच दल आकर कुछ देर बैठता है और फिर चला जाता है और साहब से फोन पर पूछे जाने पर वह यहां वहां की कहानी बताकर अपनी व्यस्तता साबित कर देते हैं। वैसे जांच दल 28 अगस्त को दूसरी बार नगर पंचायत पटना जांच के लिए पहुंचा जिसमें जिला कोषालय अधिकारी और तहसीलदार पटना शामिल थे लेकिन दोनों के पहुंचने के एक मिनट पहले सूत्रों द्वारा सतर्क किए जाने का लाभ उठाकर साहब भाग जाते हैं कार्यालय से और जब उनसे फोन पर पूछा जाता है तो वह जिला मुख्यालय के एक कार्यालय जाने की बात बताते हैं जबकि वहां पूछने पर वहां भी नहीं पहुंचने की जानकारी जांच दल के सामने आती है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लेकर ऐसे उनके व्यवहार को लेकर यह कहना कतई अनुचित नहीं होगा कि वह स्वेच्छाचारिता अनुसार नगर पंचायत पटना में अपनी मनमानी चाहते हैं और उन्हें इस उनकी मनमानी में किसी की रोकटोक स्वीकार नहीं भले ही शिकायतों अनुसार जांच और मनमानी पर अंकुश लगाए जाने का आदेश खुद जिलाधीश का हो।

### सीएमओ साहब ने ठंड में अलाव जलाकर भी अपनी जेब खूब गर्म की है?

वैसे शिकायतों के अनुसार जिसके लिए जांच दल गठित की गई है, साहब ने ठंड में अलाव जलाकर भी अपनी जेब खूब गर्म की है, अलाव एक से दो दिन वह भी एक दो जगह जलाकर साहब ने भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है वहीं विभिन्न आयोजनों सहित अन्य व्यय बताकर राशि आहरण मनमाने तरीके से करना,प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति के नाम पर भी राशि की मांग करना जैसी शिकायतें शामिल हैं। भ्रष्टाचार को लेकर ही शिकायतें की गई हैं और शिकायत करने वालों का कहना है कि यदि विभिन्न पंजीयों का यदि परीक्षण सही तरीके से किया जाए जांच यदि की जाए सच्चाई सामने आ जाएगी और साहब का भ्रष्टाचार उजागर हो जाएगा,वहीं पंजीयों की जांच से ही साहब भाग रहे हैं और वह इससे बचना चाह रहे हैं जिससे उनकी पोल न खुलने पाए। शिकायतों अनुसार और कार्यालय में चल रही चर्चा अनुसार सुशासन तिहार के दौरान भी साहब ने कार्यालय का पैसा खर्च किया जो खर्च से कहीं अधिक दर्शाया गया पंजीयों में जबकि खर्च जो व्यवस्था की गई उसके अनुरूप कहीं ज्यादा है।

### क्या मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटना को मनमानी के लिए मिली हुई है छूट इसलिए वह कर रहे हैं मनमानी?

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटना के ऊपर लगातार आरोप लग रहे हैं, उनकी स्वीक्षाचारिता पूर्ण कार्यप्रणाली की शिकायत भी हुई है लेकिन वह मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं,वह आम लोगों सहित जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा कर रहे हैं वहीं कलेक्टर कोरिया द्वारा गठित जांच दल को भी वह छका रहे हैं,दो बार जांच दल उनसे बिना मिले लौट चुका है जबकि वह मुख्यालय में होकर भी बहाना बनाते रहे,अब सवाल यह उठता है कि उन्हें मनमानी के लिए छूट देकर पटना भेजा गया है जिससे जनता और जनप्रतिनिधि परेशान रहे, यदि मनमानी की छूट मिली हुई है तब तो जांच दल का गठन भी केवल एक छलावा ही माना जाएगा क्योंकि कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल को छकाना आम अधिकारी के लिए आसान काम नहीं।

### किसी मंत्री के रिश्तेदार हैं साहब,मंत्री जी का आशीर्वाद है बने रहेंगे पद पर ऐसी बातें भी आ रही हैं सामने

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटना को किसी मंत्री जी का आशीर्वाद प्राप्त है और वह मनमानियों के बाद भी पद पर बने रहेंगे ऐसा उन्हें आश्वासन है ऐसी बातें भी सामने आ रही हैं,अब बताया जाता है यह बातें साहब खुद कहते रहते हैं वैसे इसकी सच्चाई की पुष्टि हम नहीं करते लेकिन यह बात चर्चा में जरूर है कि साहब की पहुंच मंत्री जी तक है और वह जब तक चाहेंगे मनमानी करते हुए पटना में डटे रहेंगे,वैसे इन बातों में यदि सच्चाई है तब तो स्थिति बड़ी विचित्र है क्योंकि पटना में साहब का रुतबा ऐसा है कि आम इंसान उनसे बहुत दूर है वहीं जनप्रतिनिधियों की वह इज्जत करना जानते नहीं और यदि ऐसा ही रहने वाला है तो फिर पटना में निर्वाचन की जरूरत ही नहीं थी साहब को ही नगर का जिम्मा सौंपना था।



## एसईसीएल कर्मियों ने स्टोर से स्क्रैप निकालकर कबाड़ में बेचा,विडियो वायरल हुआ तो प्रबंधन आया हरकत में,6 कर्मियों को किया निलंबित

-संवाददाता-

कोरबा,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। एसईसीएल कोल माइंस के कर्मचारियों द्वारा स्क्रैप निकाल कर कबाड़ में बेचे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद जहां एक ओर पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार किया है,वहीं एसईसीएल प्रबंधन ने इस कार्य में लिप्त 6 कर्मियों को निलंबित कर दिया है। यह मामला कोरबा क्षेत्र के रजगामार और ढेलवाडीह खदान क्षेत्र का है। यहां कार्यरत कर्मचारियों ने स्टोर से सामान इश्यू कराने के साथ ही ट्रक में लोहे का स्क्रैप लोड किया और कबाड़ी के दुकान में बेचने पहुंच गये। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियों बनाकर वायरल कर दिया। जिसके बाद SECL का विजिलेंस विभाग एक्टिव हुआ और 6 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि एसईसीएल की रजगामार,ढेलवाडीह और सिंघाली भूमिगत खदान के कर्मचारियों रिजनल स्टोर से खदान के लिए सामान लेने पहुंचे थे। स्टोर से सामान इश्यू कराने के बाद अलग-अलग दिन इन कर्मचारियों ने ट्रक पर सामान लोड करने के बाद बकायदा लोहे के एंगल, बेयरिंग व अन्य कीमती स्क्रैप ट्रक में लोड कर बाहर निकल गये। जिन्हे बकायदा एसईसीएल के विभागीय ट्रक में रखकर निकालने के बाद कबाड़ी की दुकान में बेच दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियों बना लिया। वीडियों वायरल होने के बाद एसईसीएल प्रबंधन में जहां हड़कंप मच गया। वहीं मानिकपुर पुलिस ने मुड़ापार स्थित कबाड़ी की दुकान से उक्त सारे सामानों को जब्त कर जांच शुरू कर दी। इस पूरे मामले में एसईसीएल मुख्यालय ने गंभीरता दिखाते हुए विजलेंस विभाग ने इस चोरी की घटना में शामिल 6 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### इन कर्मियों को किया गया निलंबित

निलंबित होने वाले कर्मचारियों में सिंघाली भूमिगत खदान में कार्यरत सहेत्तर साय- जनरल असिस्टेंट,ढेलवाडीह खदान में सपोर्ट मिस्त्री के पद पर कार्यरत श्यामचरण इसी तरह रजगामार भूमिगत खदान में स्पोर्ट मिस्त्री के पद पर कार्यरत रामचरण,रतिराम-स्टोर टेण्डल,पंचराम सहित लिपिक संजय कुमार को निलंबित किया गया है। एसईसीएल विजिलेंस विभाग की इस कार्रवाई के बाद जहां हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इस पूरे मामले में एसईसीएल कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस ने अभी तक अपराध दर्ज नही किया है। यदि इस पूरे मामले में पुलिस अपराध दर्ज करती है, तो निलंबित कर्मचारियों की मुश्किले और बढ़नी तय है।

## बकाएदारों के राशि भुगतान को लेकर जिपं सीईओ ने दिया आश्वासन

-संवाददाता-

सुरजपुर,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। पिलखा क्षीर सिलफिली के बकाएदारों के लाखों रुपए की लंबित राशि का भुगतान के मामले में आज जिला पंचायत सीईओ व एसडीएम की उपस्थिति किसानों से चर्चा उपरांत एक महीने का समय लिया गया है। गौरतलब है कि पिलखा क्षीर सिलफिली के दूध विक्रेताओं के समेत अन्य कार्यों हेतु बकाया करीब 90 लाख रुपए का भुगतान किया जाना वर्षों से लंबित है। भुगतान न मिलने से किसानों को



आर्थिक व मानसिक रूप से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार द्वारा पिछले दिनों कलेक्टर को ज्ञापन देकर लंबित भुगतान को जल्द कराए जाने की मांग की गई थी। बावजूद इसके आज तक कोई पहल नहीं होने पर 18 अगस्त को पुनः कलेक्टर को ज्ञापन देकर एनएच 43 पर 20 अगस्त को पिलखा क्षीर के सामने चक्काजाम व विरोध प्रदर्शन किए जाने हेतु ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया था। जिसमें 19 अगस्त को एसडीएम शिवानी जायसवाल व एसडीओपी अभिषेक पैकरा की पहल पर जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव व युवा कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार के नेतृत्व में किसानों के साथ जिला मुख्यालय सुरजपुर में एक बैठक आहूत कर जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के साथ बैठक कराए जाने की बात कही गई थी। इसी तारतम्य में शुक्रवार को किसानों का प्रतिनिधि मंडल जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव व युवा कांग्रेस भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार के नेतृत्व में बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुनने उपरांत एक महीने के अंदर पूरी जानकारी एकत्र करके समस्या के निराकरण हेतु पहल किए जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान धरनीधर चौरसिया, वेद प्रकाश मिश्र, तपन सिकदार, मिक्का मंडल, पीयूष कुशवाहा, भागवत कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा, यश दास, अभय लकड़ा, रामावतार कुशवाहा,

---

**न्यायाल अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र./... /अ-2/24-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुन्दरवती पिता कन्नीलाल जाति उरांव निवासी केरला तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 6/16 रकबा 0.024 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 11/09 /2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/8 /2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.

**ईश्तहार**

आगामी तिथि

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता / संस्था / विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक संजीव कुमार गुप्ता आ0 स्व. भागवत प्रसाद गुप्ता व अन्य 2 सभी निवासी मेन रोड सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ0ग0 द्वारा नजूल भूमि का पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर रिकार्ड दुरूस्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि, आवेदकगण तथा अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त स्वामित्व की ग्राम सूरजपुर प.ह.नं. 11 नजूल भूमि खसरा नम्ब्र 2134, 2126/1, 2126/7, 2127/1, 2127/2, 2914/1, 2914/7 रकबा क्रमषः 400, 871, 6098, 1742, 5663, 218, 871 वर्गफीट कुल 7 प्लाट कुल रकबा 15863 वर्गफीट स्थित है। उक्त भूमि को अनावेदकगण द्वारा आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 05.08.2025 को पंजीकृत त्यागपत्र निश्पादित किए जाने से अनावेदकगण का नाम नजूल भूमि में से विलोपित किए जाने का अनुरोध किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / विभाग को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक / लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा / आपत्ति दिनांक 11/9/2025 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 27/8/ 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी सूरजपुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.

**ईश्तहार**

आगामी तिथि 11/09/2025

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता / संस्था / विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका तबस्सुम फातमा पति सरफराज अहमद, उम्र 44 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 05 मस्जिद गली सूरजपुर तहसील व जिला सूरजपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1933/3, 1933/4, 1934/3, 1934/4 रकबा क्रमशः 272, 946, 434 536 वर्गफुट भूमि को एल.आई.सी. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड अम्बिकापुर में बंधक रखकर ऋण लेने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदन पत्र के साथ मेंटीनेंस खसरा संलग्न किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / विभाग को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक / लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा / आपत्ति दिनांक 11/9/2025 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 27/8/ 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

(सील) नजूल अधिकारी सूरजपुर

---

**कार्यालय नायब तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया,छ0ग0**

**ईश्तहार**

ई- कोड................/.31-6/2025

सर्व साधारण ग्राम मझगवां राजस्व निरीक्षक बड़गांव तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0 तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुंज बिहारी आ0 स्व. गंगाराम उम्र 40 वर्ष जाति बरगाह अहीर ग्राम मण्डलपारा थाना व तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0 के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पिता गंगाराम पिता रामनारायण की मृत्यु दिनांक 31.05.2025 को हो गया है जिनके नाम पर ग्राम मण्डलपारा तह0 बैकुण्ठपुर में ख. नं. 190/5, 202/5 202/7, 213/5 235/5, 257/3, 273/5 कुल रकबा 2.1140 हे0 एवं ग्राम मझगवां में ख. नं. 307/3, 307/7. 307/12 कुल रकबा 0.5530 हे0 भूमि स्थित है मेरे पिता के मृत्यु पश्चात मैं अपना व अपने पिता के वारिसान कुंज बिहारी, फुलबसिया परमेश्वर यादव आ0 स्व. गंगाराम का नाम फौती नामान्तरण कराना चाहता हूँ। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, शपथ पत्र, खसरा बी 1 नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 05/09/2025 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई बिचार विमर्श नही किया जावेगा।

(सील) तहसीलदार बैकुण्ठपुर,जिला-कोरिया

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राजवर्धन पिता स्व. नरनारायण सिंह, निवासी चित्रमंदिर के पीछे, नगर अम्बिकापुर के द्वारा तदाशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अनिमेश कुमार सिंह के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर मोहल्ला बाबूपारा स्थित नजूल प्लॉट नं. 3313, 3314, 3315, 3316 रकबा क्रमशः 0.13, 0.50, 0.22, 0.10 एकड़ भूमि स्थित है। सह भूधारक उमा सिंह पुत्री रामपाल की मृत्यु दिनांक 26. 05.2024 को हो गई है। अतः सह भूधारक उमा सिंह की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदक द्वारा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु मृत्तक भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 17/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-.19/08/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

---

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202508020700093/0**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25

भगवानपुर प.ह.नं.00018 (हे.)

पक्षकारों का विवरणः-

आवेदक पक्षकार-श्रीम इंजीनियर्स एण्ड बिल्डर्स प्रा0लि0 द्वारा डायरेक्टर अतुत कुमार दुबे आ) स्व0 विजयनाथ दुबे,

अनावेदक पक्षकार-धीरेन्द्र मौर्य,

**ईश्तहार**

आवेदक श्रीम इंजीनियर्स एण्ड बिल्डर्स प्रा0लि0 द्वारा डायरेक्टर अतुल कुमार दुबे आ0 स्व0 विजयनाथ दुबे जाति ब्राम्हण निवासी मनेन्द्रगढ़ रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम मनेन्द्रगढ़ रोड भगवानपुरकला तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 212/17 रकबा 0.2850 हे0 भूमि में से रकबा 0-02832 हे0 283.29 वर्गमीटर भूमि को रूपये - 20,12,715.00 में अनावेदक धीरेन्द्र मोर्य आ) सुरेश मोर्य निवासी मकान नम्बर 232 हाउसिंग बोर्ड रोड कार्मेल स्कूल के पास नमनाकला अम्बिकापुर. जिला सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है. जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22.09.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तेहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।

(सील) तहसीलदार अंबिकापुर,सरगुजा

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार
अम्बिकापुर,शनिवार 30 अगस्त 2025




## विधायक ने नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमिपूजन अवसर पर कलेक्टर को सराहा

# एबीवीपी ने दी चेतावनी पुलिस अधीक्षक कार्यालय कहीं और बने

**कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय की भूमि पर बनने जा रहे नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का अब एबीवीपी ने किया विरोध**

**एबीवीपी ने कलेक्टर कोरिया को सौंपा ज्ञापन,पांच दिवस में महाविद्यालय परिसर की भूमि पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए दिए जाने का निर्णय नहीं बदला तो होगा उग्र आंदोलन**

**नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भूमिपूजन अवसर पर बैकुंठपुर विधायक ने की थी कलेक्टर कोरिया की तारीफ,जमीन उपलब्ध कराए जाने को लेकर कहा था आप जैसा कलेक्टर हो तो बदल जाती कब की जिले की तस्वीर**

**एबीवीपी है आरएसएस की ही एक छात्र शाखा,प्रदेश में है भाजपा की सरकार,बैकुंठपुर विधायक भी हैं भाजपा के...**



-रवि सिंह-

कोरिया,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव महाविद्यालय परिसर की भूमि को नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए आबंटित किए जाने का विरोध अब काफी तेज नजर आ रहा है और अब पूर्व छात्र संघ नेताओं,जिलेवासियों सहित एबीवीपी से जुड़े छात्र नेता और महाविद्यालय के छात्र छात्राएं भी सामने आ गए हैं और जिन्होंने जिला प्रशासन को निर्णय बदलने ज्ञापन सौंपा है और निर्णय नहीं बदले जाने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

29 अगस्त को एबीवीपी के छात्र नेताओं सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने कलेक्टर कोरिया के नाम एसडीएम बैकुंठपुर को ज्ञापन सौंपते हुए महाविद्यालय परिसर में बनने जा रहे नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय का विरोध किया और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमि आबंटन मामले में आबंटन को निरस्त किए जाने की मांग करते हुए यह चेतावनी भी दी कि यदि पांच दिवस के भीतर निर्णय नहीं बदला गया उग्र आंदोलन के लिए एबीवीपी छात्र संगठन बाध्य होगा,वैसे एबीवीपी छात्र संगठन के सामने आने से प्रशासन के सामने विचारणीय स्थिति जरूर निर्मित होगी क्योंकि एबीवीपी छात्र संगठन आरएसएस की ही एक छात्र शाखा है और भाजपा की प्रदेश में सरकार है बैकुंठपुर भी भाजपा के ही विधायक हैं और यह सभी कहीं न कहीं एक ही संगठन से जुड़ाव रखते हैं। पूरे मामले में जिलेवासी खासकर जिला मुख्यालय के निवासी पहले से ही विरोध में हैं और वह यह मानते हैं कि महाविद्यालय परिसर की रिक्त भूमि में उच्च शिक्षा संबधी ही विस्तार कार्य हो जिससे भविष्य में जिले सहित मुख्यालय के छात्र छात्राओं को बेहतर उच्च शिक्षा की सुविधा जिला मुख्यालय में ही उपलब्ध हो सके। अग्रणी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भी महाविद्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण को छात्र छात्राओं की स्वतंत्रता के लिए बाधक बता चुके हैं और अब कुल मिलाकर नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्माण में स्थान को लेकर जनविरोध की स्थिति निर्मित नजर आ रही है जिसका निराकरण या जिस संबंध में स्पष्ट स्थिति जिला प्रशासन को जल्द सामने लाने की आवश्यकता है।


घटती घटना 5
नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए महाविद्यालय परिसर के भीतर के जमीन अधिग्रहण को लेकर विरोध हुआ शुरू




घटती घटना 6
क्या सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य अपनी जमीन बनाने में थे व्यस्त
इस वजह से महाविद्यालय की भूमि आज तक नहीं हुई महाविद्यालय के नाम जमीन ?


घटती घटना 6
तत्कालीन प्राचार्य की लापरवाही से अग्रणी महाविद्यालय रामानुज प्रताप सिंहदेव के हक की जमीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए हुई आबंटित

### एबीवीपी ने कलेक्टर कोरिया के नाम सौंपा ज्ञापन,पांच दिवस उपरांत उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी

अग्रणी महाविद्यालय परिसर में नए बनने जा रहे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए भूमि आबंटन को गलत ठहराते हुए एबीवीपी छात्र संगठन ने कलेक्टर कोरिया के नाम एसडीएम बैकुंठपुर को ज्ञापन सौंपा और उन्होंने यह मांग की है कि महाविद्यालय परिसर की भूमि का आबंटन जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए किया गया है उसे निरस्त किया जाए और कहीं अन्य जगह पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाया जाए। निर्णय नहीं बदले जाने की स्थिति में पांच दिवस उपरांत एबीवीपी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा यह भी उन्होंने ज्ञापन में उल्लेखित किया है। एबीवीपी के छात्र नेताओं के साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राएं भी ज्ञापन देने पहुंचे थे और सभी ने महाविद्यालय परिसर की भूमि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनाए जाने का विरोध किया। एबीवीपी के मामले में सामने आने से जिला प्रशासन के लिए विषय विचारणीय होना तय है क्योंकि एबीवीपी आरएसएस की ही एक छात्र शाखा है और भाजपा की प्रदेश में सरकार है और बैकुंठपुर विधायक भी भाजपा के ही हैं।

### एबीवीपी के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन की मुख्य बातें जिनके कारण वह कर रहे हैं महाविद्यालय परिसर की भूमि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का विरोध

एबीवीपी ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कुछ विषयों का उल्लेख करते हुए यह मांग की है कि महाविद्यालय परिसर की भूमि पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय न बनाया जाए,यह विषय इस तरह हैं, महाविद्यालय परिसर में केवल शिक्षा संबधी संस्थान ही स्थापित किए जाएं,जिले के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा दिए जाने हेतु विधि संकाय,पत्रकारिता संकाय, डीसीए,पीजीडीसीए,बीसीए,एमसीए,एमबीए,बीबीए जैसे तकनीकी और व्यावसायिक अध्ययन की व्यवस्था की जाए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निर्माण कहीं अन्यत्र किया जाए,छात्र संघ नेताओं सहित छात्रों ने यह भी कहा कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय बनने से शिक्षा का वातावरण बाधित होगा,विद्यार्थियों को असुविधा होगी और उन्हें तनाव का भी सामना करना पड़ेगा, उन्होंने कहा कि परिसर का शैक्षणिक स्वरूप ही प्रभावित हो जाएगा। छात्र संघ के सामने आने से अब मामला तुल पकड़ता नजर आ रहा है क्योंकि छात्र संघ ने छात्रों के साथ बैठकर मंथन और विचार उपरांत विरोध का निर्णय लिया है ऐसा उनका कहना है और सभी अध्यनरत छात्र छात्राएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय महाविद्यालय परिसर में नहीं चाहते हैं।

### आप जैसी कलेक्टर होने से जिले का विकास कोई रोक नहीं सकता वाले बैकुंठपुर विधायक के बयान की भी हो रही चर्चा,क्या निर्णय जल्दबाजी में लिया गया...

बैकुंठपुर विधायक ने नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भूमिपूजन अवसर पर कलेक्टर कोरिया की तारीफ करते हुए यह कहा था कि आप जैसी कलेक्टर के रहते हुए जिले का विकास कोई रोक नहीं सकता,विधायक के इस बयान की भी चर्चा हो रही है,लोगों का कहना है कि विधायक ने भूमि आबंटन के लिए कलेक्टर को बधाई दी भूमिपूजन हुआ लेकिन क्या इस बीच महाविद्यालय और छात्र छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखा नहीं रखा गया,क्या निर्णय जल्दबाजी में लिया गया और महाविद्यालय प्रबंधन सहित छात्र छात्राओं को विश्वास में नहीं लिया गया,वैसे लोगों का कहना है कि मामले में जल्दबाजी हुई और यही कारण है कि विरोध लगातार दर्ज होता नजर आ रहा है और पूरे मामले में यदि पहले सभी को विश्वास में लेकर निर्णय किया गया होता शायद उत्साह सभी के मन में होता स्वीकार्यता भी होती और हो सकता है सभी के साथ बैठकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए अन्य उचित स्थान की भी तलाश संभव हो जाती।

## खड़गवां तहसील मुख्यालय में जियो का नेटवर्क ठप,उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान

-संवाददाता-

खड़गवां,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के तहसील खड़गवां में जियो के नेटवर्क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से नेटवर्क सेवा बाधित रहती है। मोबाइल कॉल से लेकर इंटरनेट तक, हर सुविधा बाधित होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उपभोक्ताओ का कहना- कंपनी केवल उपभोक्ताओं से रिचार्ज पैसा वसूल कर रही है उपभोक्ताओ ने सवाल उठाए हैं कि जब कंपनी लगातार रिचार्ज सेवाओं के माध्यम से पैसे ले रही है,तो नेटवर्क और इंटरनेट सेवा में सुधार के लिए ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है ? उपभोक्ताओ ने तंज कसते हुए कहा कि यह डिजिटल इंडिया है या उपभोक्ताओं से डिजिटल धोखा?



### जियो कंपनी के इंजीनियर एवं वर्कर भी लापता हैं?

उपभोक्ताओ का कहना है कि जियो के इंजीनियर और तकनीकी स्टाफ का कहीं कोई अता पता नहीं है। उपभोक्ताओ की समस्या का समाधान कब होगा,इसका कोई जवाब देने वाला भी नहीं है। स्थिति इतनी गंभीर है कि बिजली बंद होते ही नेटवर्क और इंटरनेट ला पता हो जाते है, एवं बारिश में तो नेटवर्क और इंटरनेट का नामोनिशान तक नहीं रहता? उपभोक्ताओ ने चेतावनी दी है कि अगर इस समस्या का जल्द निराकरण नहीं किया गया और नेटवर्क सेवा जल्द बहाल नहीं की गई तो कंपनी के खिलाफ उपभोक्ताओं के द्वारा सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उपभोक्ताओ ने कहा कि खराब नेटवर्क की वजह से बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल लेन-देन और सरकारी सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अब सवाल यह उठता है कि जब उपभोक्ता हर महीने पूरा रिचार्ज कर रहे हैं, तो उन्हें पूरी सुविधा एवं सेवा क्यों नहीं मिल रही?

## स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि बढ़ाई गई,जनभागीदारी अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को दिया धन्यवाद

**चिरमिरी शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री से महाविद्यालय में प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने की मांग की थी...**





-संवाददाता-

एमसीबी/चिरमिरी,29 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

नवीन जिले एमसीबी के नगर निगम चिरमिरी के शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए प्रवेश तिथि सत्र 2025-2026 के लिए बढ़ाए जाने की मांग महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष मनीष खटीक ने की थी,पत्र लिखकर उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया था कि महाविद्यालय में 50 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं और महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि समाप्त हो गई है और कई छात्र छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गए हैं,जनभागीदारी अध्यक्ष के पत्र को स्वास्थ्य मंत्री ने गंभीरता से लिया और उनके प्रयासों से अब छात्र छात्राओं के लिए महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि 5 सितंबर होगी, स्वास्थ्य मंत्री के सहयोग और मार्गदर्शन में यह तिथि बढ़ाई गई है ऐसा जनभागीदारी अध्यक्ष मनीष खटीक ने कहते हुए स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जनभागीदारी अध्यक्ष का कहना है कि इस निर्णय से वे छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे जो अब तक महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले सकें हैं जबकि महाविद्यालय में अब भी प्रवेश के लिए 50 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं,यह निर्णय छात्र हित वाला निर्णय है जो स्वागत योग्य है और जिसके लिए स्वास्थ्य मंत्री धन्यवाद पात्र हैं, उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए छात्र हित सर्वोपरि है और वह हमेशा छात्र हित में प्रयास करते रहेंगे। बता दें कि चिरमिरी का लाहिड़ी महाविद्यालय बड़े क्षेत्र के छात्र छात्राओं की पहली पसंद है और पोड़ी बचरा महाविद्यालय की खस्ताहाल हालत के कारण भी यहां छात्र छात्राओं का प्रवेश के लिए प्रयास रहता है जो प्रवेश तिथि में वृद्धि के बाद सम्भव हो सकेगा।

# हॉकी एशिया कप में भारत ने पहला मैच जीता

## चीन को 4-3 से हराया,कप्तान हरमनप्रीत ने हैट्रिक लगाई,जुगराज के नाम एक गोल

**नई दिल्ली,29 अगस्त (ए)।** हॉकी एशिया कप 2025 में मेजबान भारत ने अपना पहला मैच जीत लिया है। बिहार के राजगीर में खेले गए पूल-ए के मुकाबले में भारत ने चीन को 4-3 से हराया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाई। उन्होंने मैच के 20वें,33वें और 47वें मिनट में गोल दागे। भारत के लिए पहला गोल दूसरे क्वार्टर में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया था। चीन से दू शिहाओ ने पहला, चेन बेन्हाई ने दूसरा और गाओ जीशेंग ने तीसरा गोल किया। मैच के सभी 7 गोल पेनल्टी कॉर्नर पे आए हैं।

### चीन ने मैच का पहला गोल किया

मैच की शुरुआत से ही भारत ने अटैकिंग खेल दिखाया। टीम को 2 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय खिलाड़ी उसे गोल में तब्दील नहीं कर पाए। हालांकि चीन ने 13वें मिनट में मैच का पहला गोल कर दिया। दु शिहाओ ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार लो ड्रैग-फ्लिक लगाते हुए यह गोल किया। गेंद भारतीय डिफेंडर की स्टिक से लगकर गोल पोस्ट के अंदर चली गई। तीसरे क्वार्टर में चीन ने शानदार खेल दिखाया। टीम ने आक्रामक हॉकी खेली,मौके बनाए और गोल में बदल दिए। भारत की डिफेंस और गोलकीपिंग यहां कमजोर साबित हुई। इस क्वार्टर में चीन ने 2 गोल दागे। मैच के 39वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक का मौका मिला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जोरदार शॉट लगाया, लेकिन गेंद सीधा पोस्ट से टकराकर बाहर निकल गई। भारत अपनी बढ़त बढ़ाने से चूक गया। 42वें मिनट में चीन को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले। पहली कोशिश में भारतीय रशर के पैर से गेंद लगी और एक और पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। दूसरी बार गाओ जिएशेंग ने जोरदार ड्रैग-फ्लिक मारा, गेंद भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक के पैर से टकराकर गोल में चली गई। 47वें मिनट में चौथे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एरियल बॉल ऑब्स्ट्रक्शन पर पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहला ड्रैग-फ्लिक मारा जिसे गोलकीपर ने रोक लिया। दूसरा शॉट भी ब्लॉक हो गया,लेकिन तीसरे मौके पर हरमनप्रीत ने जोरदार रॉकेट ड्रैग-फ्लिक लगाकर गोल दाग दिया।



### भारत ने दूसरे क्वार्टर में बराबरी की

भारत को दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला। 18वें मिनट में जुगराज सिंह ने शानदार ड्रैग-फ्लिक लगाकर गोल दाग दिया। इसके 2 मिनट बाद ही एक और अटैक पर भारत ने दूसरा गोल कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार ड्रैग-फ्लिक लगाकर भारत को बढ़त दिला दी।



### हरमनप्रीत का दूसरा गोल

मैच के 33वें मिनट में दाहिनी विंग पर राजिंदर सिंह ने शानदार मूव बनाया और भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। इस बार इंजेक्शन पर हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह दोनों ही तैयार थे।कप्तान हरमनप्रीत ने शॉट लगाया, गेंद सीधे चीनी गोलकीपर से टकराई और रिबाउंड होकर गोलपोस्ट के अंदर चली गई।

## रोहित शर्मा का 13 सितंबर को बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट



**नई दिल्ली,29 अगस्त (ए)।** टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा का 13 सितंबर को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट होगा। रिपोर्ट के मुताबिक,मुंबई के इस स्टार खिलाड़ी को यो-यो टेस्ट के अलावा ब्रोंको टेस्ट से भी देना होगा। वह दो-तीन दिन तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रहेंगे। इस दौरान रोहित नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की तैयारी के लिए यहीं प्रैक्टिस करेंगे। 11 से 15 सितंबर तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड-1 पर दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इसलिए रोहित का फिटनेस टेस्ट सेंटर के एक अलग मैदान पर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित और विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ वनडे सीरीज में खेल सकते हैं। इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच सितंबर-अक्टूबर में वनडे सीरीज खेली जाएगी। मुकाबले 30 सितंबर, 3 और 5 अक्टूबर को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। वहीं भारतीय सीनियर टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। जहां 19 अक्टूबर को पर्थ में पहला वनडे खेला जाएगा।

## सिनर लगातार 5 वीं बार यूएस ओपन के तीसरे राउंड में,पॉप्योरिन को सीधे सेटों में हराया



**नई दिल्ली,29 अगस्त (ए)।** वर्ल्ड नंबर-1 और मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर यूएस ओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। सिनर की यह ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर लगातार 23वीं जीत है। अमेरीका के बेन शेल्टन ने भी मेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं,ईगा स्वियातेक,नाओमी ओसाका और कोको गॉफ भी विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में पहुंच गई हैं। सिनर ने दूसरे राउंड में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पॉप्योरिन को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। अगले राउंड में उनका सामना कनाडाई खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव से होगा। सिनर और डेनिस की एकमात्र भिड़ंत 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन में हुई थी। इस मुकाबले में शापोवालोव ने पांच सेट में सिनर को शिकस्त दी थी। एक अन्य मुकाबले में शेल्टन ने स्पेन के पाब्लो कारेनो को सीधे सेटों में हराकर तीसरे राउंड में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने पाब्लो को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। वर्ल्ड नंबर-3 ईगा स्वियातेक ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में पहुंच गई हैं। उन्होंने दूसरे दौर में नीदरलैंड की सजान लैमेंस को 6-1, 4-6, 6-4 से मात दी। पहले सेट में स्वियातेक ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन दूसरे सेट में कुछ नर्वसनेस और अनफोर्स्ड एरर्स की वजह से लैमेंस ने मैच को ड्रामा में बदल दिया। तीसरे सेट में स्वियातेक ने वापसी की और जीत दर्ज की।

# राजीव शुक्ला बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली,29 अगस्त (ए)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले, 65 साल के शुक्ला बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट थे। हाल ही में बीसीसीआई सूत्रों ने बताया था,मौजूदा प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी जुलाई महीने में 70 साल के हो जाएंगे। बीसीसीआई के नियम के अनुसार, किसी भी पदाधिकारी को 70 साल की उम्र के बाद अपना पद छोड़ना होगा। बिन्नी ने 2022 में सौरव गांगुली की जगह बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभाला था। वे 19 जुलाई को 70 साल के हो गए।

**शुक्ला 2020 से बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के पद पर थे :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजीव शुक्ला कुछ महीनों के लिए कार्यभार संभालेंगे। वो नए अध्यक्ष चुने जाने तक कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। शुक्ला साल 2020 से बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट के पद पर काम कर रहे हैं।



**1983 वर्ल्ड कप में रहे सबसे सफल बॉलर रोजर बिन्नी :** 1983 में भारतीय क्रिकेट टीम के हिस्सा थे। उन्होंने टीम में अहम् भूमिका निभाई। बिन्नी वर्ल्ड कप में हाईएस्ट विकेट टेकर यानी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले प्लेयर बने। बिन्नी ने टूर्नामेंट में 18 विकेट लिए। साल 1979 से लेकर 1987 तक बिन्नी ने भारत की ओर से 27 टेस्ट और 72 वनडे मैच खेले। टेस्ट करियर में 47 विकेट झटके, जबकि वनडे करियर में 77 विकेट लिए हैं। 2000 में भारत को अंडर-19 कप दिलाया रोजर बिन्नी ने भारतीय क्रिकेट में कई पद संभाले है। साल 2000 में बिन्नी ने भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम को कोच के रूप में वर्ल्ड कप जिताया।

इसके बाद 2007 में बिन्नी पश्चिम बंगाल की टीम के हेड कोच बने। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजमेंट टीम का हिस्सा होने के बाद 2012 में रोजर बिन्नी भारतीय क्रिकेट टीम के सिलेक्टर बने। 2015 वर्ल्ड कप में रोजर बिन्नी सिलेक्टर्स पैनल का हिस्सा थे। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार, किसी भी पदाधिकारी को 70 साल के उम्र के बाद अपना पद छोड़ना पड़ता है। ऐसे में टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी रोजर बिन्नी पद पर बने रहने के लिए अयोग्य हो गए थे।

## नीरज ने डायमंड लीग फाइनल में लगातार तीसरा सिल्वर जीता

**नई दिल्ली,29 अगस्त (ए)।** नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल 2025 में दूसरा स्थान हासिल किया। चोपड़ा का डायमंड लीग में लगातार तीसरा सिल्वर मेडल है। उन्होंने 85.01 मीटर का थ्रो किया। स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर के लेट्जिग्रुंड स्टेडियम में हुए फाइनल में जर्मनी के जूलियन वेबर ने शानदार 91.51 मीटर का थ्रो कर गोल्ड जीता। वहीं, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने 84.95 मीटर के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। नीरज ने पहले प्रयास में 84.35 मीटर थ्रो किया। इसके बाद दूसरा थ्रो 82 मीटर रहा। इसके बाद उन्होंने लगातार तीन बार फाउल किया। आखिर में नीरज ने 85.01 मीटर का थ्रो किया।

बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप

## ध्रुव-तनिषा भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने से चूके

**नई दिल्ली,29 अगस्त (ए)।** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक मिश्रित युगल पदक जीतने की कोशिश शुक्रवार को पेरिस में क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गई। इस स्पर्धा में देश के लिए पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय जोड़ी को मलेशिया की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशियाई जोड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाते हुए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। ध्रुव और तनिषा ने विश्व की 5वें नंबर की जोड़ी हांगकांग की तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट को 19-21, 21-12, 21-15 से हराकर अंतिम-8 के मुकाबले में प्रवेश किया था।



हालांकि, विश्व की 17वें नंबर की भारतीय जोड़ी, मलेशिया की दबदबे वाली जोड़ी के खिलाफ वही प्रदर्शन नहीं दोहरा सकी। बाद में पीवी सिंधु का सामना महिला एकल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से भिड़ेगी।

## एशियाई चैंपियनशिप में महिला टीम ने जीता रजत

## मानिनी कौशिक को 50 मीटर राइफल प्रोन में कांस्य

**नई दिल्ली,29 अगस्त (ए)।** युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने शुक्रवार को कजाकिस्तान के श्यामकेंट में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में टीम को रजत पदक दिलाने के बाद महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला व्यक्तिगत अंतरराष्ट्रीय पदक जीता। जयपुर की 24 वर्षीय निशानेबाज मानिनी कौशिक, जो 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में भी प्रतिस्पर्धा करती हैं, ने 617.8 अंक के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरियाई जोड़ी हाना इम (620.2) और यूनसियो ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। मानिनी प्रतियोगिता में पाँचवें स्थान पर रहीं, लेकिन चूँकि उनसे आगे की दो निशानेबाज - दक्षिण कोरिया की येलिन चोई (620.1) और भारत की सिफ्ट कौर समरा (617.9) - केवल रैंकिंग पॉइंट्स (आरपीओ) श्रेणी में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, इसलिए जयपुर की इस निशानेबाज ने कांस्य पदक जीता। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, पदकों के लिए नहीं। मानिनी ने 10-10 शॉट्स की छह सीरीज में क्रमशः 104.0, 103.8, 101.2, 103.3, 103.2, 102.3 अंक हासिल किए। उन्होंने 50 मीटर राइफल प्रोन, जो एक गैर-ओलंपिक स्पर्धा है, में टीम स्पर्धा में भारत को रजत पदक दिलाने में भी मदद की। मानिनी (617.8), सुरभि भारद्वाज (614.4) और विनोद विदरसा (613.8) की तिकड़ी ने कुल 1846 अंक हासिल कर रजत पदक जीता, जिसमें दक्षिण कोरिया (1856.8 अंक) ने स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान 1828.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत की प्राची गायकवाड़ ने जूनियर महिला 50 मीटर राइफल प्रोन में 616.6 अंकों के साथ रजत पदक जीता। दक्षिण कोरिया की सेही ओह (618.6) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान की सोफिया मालकिना (616.3) ने कांस्य पदक जीता। प्राची (616.6), अनुष्का थोकुर (607.6) और तेजल नाथावत (599.2) की तिकड़ी ने 1823.4 के कुल स्कोर के साथ टीम कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 1844 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान (1830.1) ने रजत पदक जीता।



## एक्टर विशाल और साई धनशिका ने की सगाई

### 15 साल की डेटिंग के बाद हुए इंगेज, पोस्ट कर लिखा- धन्य महसूस कर रहा हूं



तमिल एक्टर विशाल कृष्णा रेड्डी और एक्ट्रेस साई धनशिका ने 15 साल की डेटिंग बाद इंगेजमेंट कर ली है। विशाल ने अपने 47वें बर्थडे के मौके पर परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में सगाई की है। दोनों ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक साझा पोस्ट शेयर कर इस खुशखबरी की घोषणा की। साथ में अपने फैंस के लिए फंक्शन की कई तस्वीरें भी पोस्ट कीं। इस खास मौके के लिए दोनों ने ट्रेडिशनल आउटफिट चुना था। धनशिका ने ऑफ वाइट रंग की साड़ी पहनी थी, जबकि विशाल सफेद शर्ट और लुंगी में नजर आए। दोनों के गले में मालाएं थीं। पहली तस्वीर में विशाल और धनशिका साथ में कैमरे के सामने पोज देते नजर आए। दूसरी फोटो में दोनों एक-दूसरे को अंगूठियां पहना रहे हैं। आखिरी तस्वीर में विशाल और धनशिका अपने परिवार के सदस्यों के साथ पोज देते नजर आए। एक्टर ने इंगेजमेंट की खुशखबरी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा-मेरे विशेष जन्मदिन पर मुझे शुभकामनाएं और आशीर्वाद देने के लिए यूनिवर्स के हर कोने से आए आप सभी प्रियजनों का धन्यवाद। आज साई धनशिक के साथ हुई अपनी सगाई की खुशखबरी अपने परिवार के साथ साझा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पॉजिटिव और ब्लेस्ड महसूस कर रहा हूं। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं की कामना करता हूं। विशाल के करियर की बात करे तो वो एक्टर होने के साथ एक फिल्म प्रोड्यूसर भी हैं। उनकी पहली फिल्म रोमांटिक थ्रिलर साल 2004 में आई चेल्लामे थी। वह संदाकोझी, थिमिरु, थामीराभरानी और मलाइकोट्टई जैसी फिल्मों का भी हिस्सा रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने साल 2013 में पांड्या नाडु, साल 2014 में नान सिगप्पु मनिथन और पूजाई जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस किया है। साल 2006 में उन्हें तमिल सिनेमा में उनके योगदान के लिए कलैमामणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, धंशिका तमिल, कन्नड़ और तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। उन्होंने साल 2006 में तमिल फिल्म थिरुडी से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पेरानमई,अरावन,परदेसी और रजनीकांत के साथ फिल्म कबाली में नजर आ चुकी हैं।

# वश के सीक्वल में नजर आई जानकी बोदीवाला

## शैतान के लिए शाहरुख से अवॉर्ड मिलने पर बोलीं...एसआरके के हाथों सम्मान पाना सपने जैसा पल

**शैतान फेम जानकी बोदीवाला एक बार? फिर चर्चा में हैं। गुजराती फिल्म वश में आर्या और फिर उसी के रीमेक में अजय देवगन के साथ जाह्नवी बनकर उन्होंने हर दर्शक का दिल जीता।**



### कितनी डरावनी होने वाली है आपकी फिल्म वश लेवल 2

डराने से ज्यादा यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसमें कोई भूत-प्रेत या सुपर नैचुरल चीजें नहीं हैं, बल्कि ऐसे लोग हैं जिन्हें स्क्रीन पर देखकर दर्शक चौंक उठेंगे। ऑडियंस का ऐसा रिएक्शन होगा कि यह तो बहुत रियल है।

### आपका चेहरा बहुत मासूम है, तो ऐसे रोल के लिए तैयारी करना कितना मुश्किल रहा?

मैंने 2022 में 'वश' शूट की थी। मुझे लगा भी नहीं था कि कोई मुझे ऐसी फिल्म देगा। डायरेक्टर का शुक्रिया जिन्होंने मुझे पुश किया और हर चीज सिखाई।आज सबको पता है कि कैसे 'वश' एक नेशनल अवॉर्ड विनिंग गुजराती फिल्म बन गई।

### इस बार की तैयारी के लेवल को कैसे देखती हैं?

मैं जब कोई रोल करती हूं तो उसी वक्त उसे जीती हूं। जैसे 'शैतान' फिल्म में एक डांस सीन था, उसमें मैंने 25 मिनट लगातार डांस किया ताकि रियल लगे। इसी वजह से मुझे फिजिकल एक्टिंग पसंद है और अच्छे डायरेक्टर हों तो वो बताते रहते हैं कि क्या बेहतर किया जा सकता है।

### क्या ये टैलेंट आपके अंदर पहले से ही था या सीखना पड़ा?

मैंने अब जाकर खुद भी नोटिस किया कि मेरे अंदर इतना गुस्सा और एनर्जी है। डायरेक्टर ने मुझे गाइड किया,ऑडिशन लेते वक्त उन्होंने मुझे गाइड किया कि कहा कितना हंसना है , जैसा वो बोलते गए मैं करती गई और अचानक से उनके चेहरे पर एक हल्की सी मुस्कान आ गई, जिसे देखकर मुझे मालूम पड़ा कि वो मेरी एक्टिंग से खुश हुए..

### अपने किरदार से बाहर आने में कितना वक्त लगा?

मेरे लिए अच्छी बात ये रही कि मेरे को-एक्टर्स ने मदद की। मैंने नोटिस किया कि वो लोग शॉट्स में इतने इंटेंस रोल निभाते हैं और कट होते ही नॉर्मल हो जाते हैं। उसी से मैंने सीखा। पूरा श्रेय मैं अपने को-एक्टर्स को देती हूं। उन्होंने मुझे गाइड किया कि मैं अच्छा कर रही हूं, लेकिन अगर ऐसे करूं तो और अच्छा लगेगा। उनका सपोर्ट और गाइडेंस पूरा था। जब मैंने इस फिल्म के लिए अवॉर्ड जीता तो अजय देवगन और ज्योतिका मैम ने भी मैसेज कर बधाई दी थी।

### शाहरुख खान के साथ आपका कुछ-कुछ होता है वाला मोमेंट कैसा रहा?

यकीन ही नहीं हुआ। पूरे इवेंट में सिर्फ एक अवॉर्ड शाहरुख सर के हाथों से दिया गया, जो मुझे मिला। जब अनाउंस किया गया कि जानकी बोदीवाला को फिल्म शैतान में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का आईफा 2025 अवॉर्ड शाहरुख खान के हाथों से दिया जाएगा। और,जब शाहरुख खान ने अवॉर्ड दिया। उस क्षण को व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

# हॉस्टल में एमबीबीएस छात्र का फंदे पर लटका मिला शव,पुलिस जांच में जुटी



जगदलपुर,29 अगस्त 2025। जिले के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,जहां एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र ज्ञानेंद्र मिश्रा ने हॉस्टल के अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने पूरे कॉलेज परिसर में सनसनी फैला दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना देर रात की है जब ज्ञानेंद्र के रूममेट ने उसे कमरे में फंदे पर लटका हुआ देखा। रूममेट ने तुरंत अन्य छात्रों को बुलाया और उसे फंदे से उतारकर कॉलेज के अस्पताल पहुंचाया,लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्र कानपुर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और हाल ही में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए आया था। घटना की सूचना मिलते ही जगदलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया, जो रायपुर के लिए रवाना हो चुके हैं। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस हर संभावित पहलू से जांच कर रही है, जिसमें पढ़ाई का दबाव,निजी कारण,या अन्य कोई परिस्थिति शामिल हो सकती है। पुलिस ने मृतक छात्र के मोबाइल फोन और नोटबुक की जांच शुरू कर दी है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिसके कारण जांच और भी जटिल हो गई है।

# रिटायर्ड SECL कर्मचारी की डिजिटल अरेस्ट, 3 महीने तक ठगों ने लूटे 1 करोड़ 9 लाख रुपये



बिलासपुर,29 अगस्त 2025। सरकंडा क्षेत्र के मोपका पाटलीपुत्र कॉलोनी में रहने वाले 72 वर्षीय रिटायर्ड SECL कर्मचारी पुरुषोत्तम दुबे के साथ साइबर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने उन्हें तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 1 करोड़ 9 लाख रुपये की ठगी की। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। सरकंडा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जनवरी 2025 में पुरुषोत्तम दुबे को एक फोन कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को CBI अधिकारी बताया। ठगों ने आरोप लगाया कि दुबे ने अपनी नौकरी के दौरान वित्तीय गड़बड़ी की थी। इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए कथित पूछताछ शुरू की गई। ठगों ने उन्हें जांच में फंसने और जेल जाने का डर दिखाकर मानसिक दबाव बनाया। डर और सहम के माहौल में दुबे ने जनवरी से मार्च 2025 तक अलग-अलग किश्तों में ठगों के बताए खातों में 1 करोड़ 9 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगों ने दुबे को सख्त हिदायत दी थी कि वे इस मामले की चर्चा किसी से न करें, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

# तय सीमा से अधिक शुल्क लेने वाले चॉईस सेंटर संचालकों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई




कुरुद,29 अगस्त 2025 । श्रमायुक्त सह श्रम सचिव द्वारा जारी निर्देशानुसार,श्रम विभाग की योजनाओं हेतु श्रमिक पंजीयन एवं आवेदन प्रक्रिया में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल करने वाले चॉईस सेंटर (सीएससी) संचालकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिक पंजीयन आवेदन हेतु ऑनलाईन पोर्टल में 30 रुपये तथा योजनाओं के आवेदन हेतु 20 रुपये का शुल्क ही निर्धारित है। इसके बावजूद कुछ चॉईस सेंटर संचालकों द्वारा पंजीयन एवं आवेदन के नाम पर श्रमिकों से 1000 से 1500 रुपये तक वसूल किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस संबंध में श्रमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। अतः सभी सीएससी संचालकों को निर्धारित शुल्क ही वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर जांच उपरांत संबंधित संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों को कलेक्टर के संज्ञान में लाकर कठोर दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। श्रम विभाग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं सीएससी संचालकों के साथ समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाए।

# शराब घोटाला : 28 अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

रायपुर,29 अगस्त 2025। आबकारी घोटाले मामले में आरोपी 28 आबकारी अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है. ईडी की जांच में सामने आया है कि शराब घोटाले के जरिए न सिर्फ सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया, बल्कि लाइसेंस और कमीशन की बंदरबांट कर कारोबारी हित साधे गए। अधिकारियों और कारोबारी गठजोड़ के कारण विदेशी शराब कंपनियों पर दबाव बनाया गया कि वे अपना माल बेचने के लिए तय कमीशन दें। जांच एजेंसी का कहना है कि यह पूरा नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से चलाया जा रहा था और इससे मिली रकम को कई कंपनियों और फ्रंट फर्म्स के जरिए घुमाया जाता था। ईडी ने साफ किया है कि इस घोटाले की जांच अभी जारी है और इसमें और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# रिटायर्ड आईएएस रीता शांडिल्य को मिली बड़ी जिम्मेदारी,CGPSC की अध्यक्ष हुईं नियुक्त



रायपुर,29 अगस्त 2025 । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को नया नेतृत्व मिल गया है। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी रीता शांडिल्य को आयोग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी [illegible]पी गई है। राज्यपाल के आदेश के [illegible]त सामान्य प्रशासन विभाग के [illegible]चिव अविनाश चम्पावत ने इसकी [illegible]धिसूचना जारी की है। शांडिल्य की यह नियुक्ति उनके कार्यभार [illegible]ण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी।

संवाद 45017/53

# विष्णु देव साय की लोकप्रियता बढ़ी देश में दूसरे नंबर के मुख्यमंत्री बने

## सर्वे में मुख्यमंत्री साय को गृह राज्य में 41.9% जनता का विश्वास...




रायपुर,29 अगस्त 2025 । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कामकाज को लेकर जनता का भरोसा लगातार बढ़ता दिख रहा है। अगस्त 2025 के सर्वेक्षण में उनके गृह राज्य के 41.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उनके कार्य को संतोषजनक बताया है,जो फरवरी 2025 के 39 प्रतिशत से बढ़कर दर्ज हुआ है। यानी महज़ छह महीनों में मुख्यमंत्री के प्रति जनता की संतुष्टि में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि बड़े राज्यों की श्रेणी में उन्हें दूसरे स्थान पर स्थापित करती है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशभर का व्यापक भ्रमण करते हुए आमजन की समस्याओं को सीधे सुना और शिकायत निवारण समाधान शिविरों के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस पहल से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को जमीनी स्तर पर नई गति मिली। साथ ही निचले प्रशासनिक तंत्र की कमियाँ उजागर हुई,जिन्हें तत्परता से दूर किया गया। मुख्यमंत्री की यह संवेदनशील और सक्रिय कार्यशैली जनता को निकटता से महसूस हुई,जिससे उनके प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सचिवालय की टीम ने विभागों और जिला कलेक्टरों की कार्यप्रणाली की सतत् मॉनिटरिंग करते हुए योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से फाइलों के निराकरण में गति आई,वहीं भ्रष्टाचार पर प्रहार और प्रशासनिक सुधारों ने शासन की कार्यक्षमता को नई ऊर्जा दी। केंद्र सरकार की मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों का पूरा होना,विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना,महतारी वंदन और कृषक उन्नति योजना जैसे कार्यक्रमों ने गरीबों, महिलाओं और किसानों के बीच भरोसे और संतोष की भावना को और गहरा किया। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, युवाओं के लिए रोजगार सृजन तथा



निवेश और व्यापार-व्यवसाय के नए अवसरों ने प्रदेश में नई आशा और उत्साह का संचार किया। मुख्यमंत्री श्री साय की सरल, सौम्य और ईमानदार छवि, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता ने उन्हें जनता के बीच अलग पहचान दिलाई है। विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सुधारों ने शासन के प्रति लोगों के विश्वास को मजबूत किया है और उन्हें 'बेहतर प्रदर्शन करने वाले मुख्यमंत्री' के रूप में स्थापित किया है। सर्वेक्षण के परिणाम यह संकेत देते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएँ और कार्यक्रम जनता तक सही तरीके से पहुँच रहे हैं।

### MOTN Survey
### अन्य बड़े राज्यों में संतुष्टि दर इस प्रकार रही...

- गुजरात : भूपेंद्र पटेल 40.7% (फरवरी में 54%)
- उत्तर प्रदेश : योगी आदित्यनाथ 40.4% (फरवरी में 37%)
- आंध्र प्रदेश : चंद्रबाबू नायडू 38.1% (फरवरी में 47%)
- ओडिशा : मोहन चरण मांडी 34.2% (फरवरी में 39%)
- पश्चिम बंगाल : ममता बनर्जी 30.1% (फरवरी में 46%)
- पंजाब : भगवंत मान 29.9% (फरवरी में 17%)

# रायपुर के रहने वाले न्यायमूर्ति आलोक अराधे बने सुप्रीम कोर्ट में जज



रायपुर,29 अगस्त 2025। दो नए न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ले ली है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। गोरतलब है कि, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 25 अगस्त को हुई अपनी बैठक में उच्च न्यायालयों के दो मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। इन दो न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय अपने पूरी संख्या 34 न्यायाधीशों के साथ काम करेगा। न्यायमूर्ति अराधे बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, और न्यायमूर्ति पंचोली पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। केंद्र ने 27 अगस्त को न्यायमूर्ति अराधे और न्यायमूर्ति पंचोली को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी दे दी है। 25 अगस्त को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में पांच न्यायाधीशों के कॉलेजियम,जिसमें न्यायमूर्ति सूर्यकांत,न्यायमूर्ति विक्रम नाथ,न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना भी शामिल थे,ने 4:1 मत से दोनों नियुक्तियों पर प्रस्ताव पारित किया था। कथित तौर पर, कॉलेजियम में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने न्यायमूर्ति पंचोली की पदोन्नति की सिफारिश पर असहमति जताई थी,और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की अखिल भारतीय वरिष्ठता सूची में उनके 57 वें स्थान का हवाला दिया था।

# प्राइवेट स्कूल माफिया से मिली-भगत है शिक्षा सचिव और डीपीआई के अधिकारियों की : विकास तिवारी



रायपुर,29 अगस्त 2025 । छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता विकास तिवारी ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी और डीपीआई कार्यालय के अधिकारियों पर प्राइवेट स्कूल माफिया के साथ मिली-भगत का आरोप लगाया है। उन्होंने आज यहां जारी बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश के हर जिले में बिना मान्यता के हजारों प्राइवेट स्कूलों का खुलेआम संचालन हो रहा है। इसमें अध्ययनरत छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बिना मान्यता के गली-कूचो के किराये के मकानों में संचालित प्राइवेट स्कूलों के छात्रों का आपार आईडी नहीं बना है और बिना फीस नियामक के पालकों से हर महीने लाखों रु की अवैध फीस उगाही की जा रही है। गरीब छात्रों को निःशुल्क शिक्षा अधिकार से वंचित रखने के लिये इन गैर मान्यता वाले स्कूलों को शिक्षा विभाग द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि, उनकी शिकायत पर लोक आयोग ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी आयोग में उपस्थित होकर रिपोर्ट देने का आदेश दिया था लेकिन परदेशी ना तो आयोग पहुंचे और ना ही रिपोर्ट दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी को दो बार हाईकोर्ट और दो बार लोक आयोग में तलब किया है लेकिन शिक्षा सचिव लगातार अनुपस्थित रहे है जिसका सीधा फायदा कृष्णा पब्लिक स्कूल और उसके जैसे प्रदेश में बिना मान्यता के संचालित प्राइवेट स्कूलों को मिल रहा है और सीधा नुकसान ऐसे बिना मान्यता के संचालित प्राइवेट स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को हो रहा है । इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों से लाखो रुपये की अवैध उगाही फीस के नाम पर की जा रही है और ऐसें छात्रों का अपार आईडी भी नहीं बन रहा है जिससे उनके भविष्य में बड़ी समस्या आने वाली है। शिक्षा विभाग के आला अधिकारियो और प्राइवेट स्कूल माफियाओं की मिली-भगत से प्रदेश के शिक्षा का स्तर हर वर्ष गिर रहा है।

# कांग्रेस का आरोप : शिक्षा सचिव प्राइवेट स्कूल माफियाओं के संरक्षक




रायपुर,29 अगस्त 2025। छत्तीसगढ़ में बिना मान्यता प्राइवेट स्कूलों के संचालन को लेकर बड़ा विवाद गहराता जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता विकास तिवारी ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी और डीपीआई कार्यालय पर आरोप लगाया है कि वे प्राइवेट स्कूल माफियाओं से मिलीभगत कर गरीब छात्रों को आरटीई का हक़ दिलाने में बाधा डाल रहे हैं।

### लोक आयोग और हाईकोर्ट में तलब, फिर भी अनुपस्थित

विकास तिवारी के मुताबिक,लोक आयोग और हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी को दो-दो बार तलब किया, लेकिन वे अब तक पेश नहीं हुए। लोक आयोग ने हाल ही में उन्हें नोटिस जारी कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

**कृष्णा पब्लिक स्कूल पर गंभीर आरोप :** तिवारी ने बताया कि रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल से जुड़ी प्रबंधन समिति द्वारा बिना मान्यता के कृष्णा किड्स एकेडमी नाम से छह स्कूल चलाए जा रहे हैं। इनमें ड्रेस,सिलेबस,लोगो और मोनोग्राम तक कृष्णा पब्लिक स्कूल के ही इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इन अवैध स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों का आपार आईडी नहीं बना। पालकों से हर महीने लाखों रुपये की अवैध फीस वसूली हो रही है। गली-कूचों के किराए के मकानों में स्कूल चलाकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

### जांच में आरोप सही पाए गए,कार्रवाई अटकी

लोक आयोग को दी गई शिकायत पर बनी जांच कमेटी ने केपीएस पर लगे आरोपों को सही पाया और कार्रवाई हेतु रिपोर्ट संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर को सौंपी। लेकिन आज तक न तो जेडी रायपुर योगेश शिवहरे और न ही जिला शिक्षा अधिकारी आर.एल ठाकुर, हिमांशु भारतीय ने कोई कार्यवाही की।

### शिक्षा विभाग पर गंभीर सवाल

विकास तिवारी ने कहा कि शिक्षा सचिव और विभागीय अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं,जिनकी चुप्पी से बिना मान्यता वाले स्कूलों का नेटवर्क फल-फूल रहा है। इससे न सिर्फ छात्रों का भविष्य संकट में है, बल्कि पालकों से वसूली गई ।

# अब स्कूलों में पहली से पांचवीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाएगा छत्तीसगढ़ी,लोककला और संस्कृति से जुड़ेगी शिक्षा

रायपुर,29 अगस्त 2025। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है। सरकार ने पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए एक विषय के रूप में छत्तीसगढ़ी को शामिल करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य न सिर्फ बच्चों को उनकी मातृभाषा से जोड़ना है,बल्कि उन्हें छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला, संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान से भी परिचित कराना है। यह पहल राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा की जा रही है, जो इस नए पाठ्यक्रम को तैयार करने का जिम्मा संभालेगी। इस पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए परिषद छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों, लोक कलाकारों,गीतकारों,शिल्पकारों,संगीतकारों, नर्तकों और कहानीकारों से सहयोग लेगी। इन विशेषज्ञों की मदद से ऐसा कोर्स तैयार किया जाएगा जो बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़े रखे।



बच्चे अपनी मातृभाषा में तेजी से सीखते हैं

मनोवैज्ञानिकों और शिक्षाविदों का मानना है कि बच्चे अपनी मातृभाषा में अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझते हैं और उनमें सोचने की क्षमता का विकास तेजी से होता है। छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई शुरू होने से बच्चे न केवल अपनी भाषा को लेकर गर्व महसूस करेंगे,बल्कि लोक गीतों, कहानियों और नाटकों के माध्यम से वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी करीब से जान पाएंगे।

### पाठ्यक्रम होगा खास

एससीइआरटी का लक्ष्य केवल व्याकरण और भाषा ज्ञान तक सीमित नहीं है। बल्कि पाठ्यक्रम को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि वह बच्चों के लिए मनोरंजक और ज्ञानवर्धक हो। इसमें छत्तीसगढ़ की लोककथाएं जैसे लोरिक चंदा, ढोला मारु और देवारों की कथाएं शामिल की जा सकती हैं। इसके अलावा राज्य के प्रमुख त्योहारों जैसे पोला, हरेली और छेरछेरा के बारे में भी कहानियों और कविताओं के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

# अधिकारी को हड़ताल के दौरान आया हार्टअटैक,मौत



जगदलपुर,29 अगस्त 2025 । एनएचएम में ब्लॉक अकाउंट ऑफिसर का शुक्रवार की सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। घटना की जानकारी लगते ही स्टाफ अस्पताल पहुँचने लगे, वहीं साथियों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि जगदलपुर निवासी बीएस मरकाम (38 वर्ष) एनएचएम में ब्लाक अकाउंट ऑफिसर के पद में पदस्थ थे, विगत 12 दिनों से एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल के दौरान शुक्रवार की सुबह अचानक घर में श्री मरकाम को हार्ट अटैक आ गया। उन्हें बेहतर उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। बीएस मरकाम के निधन की जानकारी लगते ही साथी अस्पताल आ पहुँचे, वहीं इसकी जानकारी लगते ही हड़ताल स्थल पर कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का बड़ा सप्लायर पाबलो गिरफ्तार

रायपुर,29 अगस्त 2025। राजधानी पुलिस ने नशे के खिलाफ छेड़े गए विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत बड़ी कामयाबी हासिल की है। एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट एवं थाना कबीरनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का मुख्य सप्लायर रूपिन्दर सिंह उर्फ पिन्दर उर्फ पाबलो को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पाकिस्तान से पंजाब होते हुए छत्तीसगढ़ तक हेरोइन (चिट्टा) की सप्लाई करता था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 91 ग्राम अफीम, 87 ग्राम हेरोइन (चिट्टा),एक कंट्री मेड पिस्टल, 82 जिंदा कारतूस और 4 मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है।

पाकिस्तान से पंजाब और फिर छत्तीसगढ़ तक फैला नेटवर्क पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि रूपिन्दर सिंह पाकिस्तान से हेरोइन की खेप पंजाब में प्राप्त करता था और फिर सड़क मार्ग से



छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, धमतरी सहित अन्य जिलों में सप्लाई करता था। वह विभिन्न छद्म नामों और अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल नंबरों का इस्तेमाल करता था ताकि उसकी पहचान उजागर न हो सके। सिंडिकेट में ऑनलाइन पेमेंट, व्हॉट्सएप कॉलिंग और क्यूआर कोड स्कैनिंग जैसी तकनीकों का भी प्रयोग किया जाता था। कबीरनगर से रंगेहाथ दबोचा गया आरोपी 29 अगस्त 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि थाना कबीरनगर क्षेत्र के वीर सावरकर नगर स्थित बंगाली होटल के पास एक युवक हेरोइन लेकर खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) डी.आर. पोर्ते, एएसपी (क्राइम) संदीप मित्तल, सीएसपी (आजाद चौक) ईशु अग्रवाल तथा डीएसपी (क्राइम) संजय सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम रूपिन्दर सिंह उर्फ पाबलो निवासी पंजाब बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से नशे का जखीरा और हथियार बरामद हुए। पहले भी जेल जा चुका है पाबलो पुलिस के अनुसार आरोपी रूपिन्दर सिंह पूर्व में भी रायपुर में नारकोटिक एक्ट और पंजाब में आर्म्स एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। वह रायपुर जिले में दर्ज कई [illegible] एक्ट के मामलों में फरार भी था। नेटवर्क ध्वस्त करने में पुलिस की बड़ी सफलता इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के ध्वस्त होने से अब तक 42 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पुलिस ने अब तक 2 करोड़ 11 लाख रुपये की हेरोइन (चिट्टा) जब्त की है। रायपुर पुलिस की इस कार्रवाई ने शहर और प्रदेश में ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो बड़े कार्टेलों को तोड़ दिया है। गिरफ्तार आरोपी थाना कबीरनगर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 190/25 के तहत गिरफ्तार आरोपियों की सूची - रूपिन्दर सिंह उर्फ पाबलो पिता मंजीत सिंह (24 वर्ष), निवासी तरणतारण, पंजाब - मुख्य सप्लायर नौशाद खान उर्फ नासू पिता सागीर खान (24 वर्ष), निवासी राजा तालाब रायपुर मोहम्मद खान पिता सिकंदर खान (22 वर्ष), निवासी संजय नगर टिकरापारा रायपुर अरबाज खान पिता शेख ईब्रान खान (28 वर्ष), निवासी बिलासपुर इसके अलावा थाना आमानाका के अपराध क्रमांक 206/25 में आरोपी रूपिन्दर की मां रानो ढिल्लन को भी गिरफ्तार किया गया है। ड्रग माफिया से जुड़े अन्य नाम जांच में यह भी खुलासा हुआ कि रूपिन्दर सिंह पंजाब से लाकर हेरोइन को पहले से गिरफ्तार आरोपी जग्गू, विजय मोटवानी और सूरज उर्फ भूषण शर्मा को सप्लाई करता था। ये लोग वीडियो कॉलिंग और लोकेशन शेयरिंग के जरिए ग्राहकों तक माल पहुंचाते थे। भुगतान क्यूआर कोड स्कैनिंग और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए लिया जाता था।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)